# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)

## मार्च भाग-2
## 2022



दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

फोन: 8750187501

ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-2

1. मैन-पोर्टेबल एयर-डिफेंस सिस्टम (MANPADS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. MANPADS कम दूरी की हल्की एवं पोर्टेबल सतह-से-हवा में मार करने वाली मिसाइलें हैं, जिन्हें विमान या हेलीकॉप्टर को नष्ट करने के लिये प्रयोग किया जा सकता है।
    2. ये ऊँची उड़ान वाले विमानों को निशाना बनाने में सबसे प्रभावी होते हैं।
    3. पहला MANPADS 1960 के दशक में सोवियत संघ द्वारा पेश किया गया था।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

    A. केवल 1 और 3
    B. केवल 2
    C. केवल 2 और 3
    D. केवल 3

2. निम्नलिखित में से कौन-से देश की सीमा फारस की खाड़ी को स्पर्श नहीं करती है?

    A. बहरीन
    B. ईरान
    C. यमन
    D. सऊदी अरब

3: निम्नलिखित में से कौन-सा मौलिक अधिकार केवल भारतीय नागरिकों के लिये उपलब्ध है?

    A. विधि के समक्ष समता और विधियों का समान संरक्षण।
    B. लोक नियोजन के विषय में अवसर की समानता।
    C. प्रारंभिक शिक्षा का अधिकार।
    D. कारखानों आदि में बच्चों के नियोजन का प्रतिषेध।

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. गंगा डॉल्फिन केवल मीठे पानी में रह सकती है और यह वास्तव में दृष्टिहीन होती है।
    2. गंगा डॉल्फिन संपूर्ण नदी पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य का एक विश्वसनीय संकेतक हैं।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

5. 'पीएम-दक्ष योजना' हाल ही में चर्चा में रही है। यह निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

    A. स्वदेशी ड्रोन विकास
    B. पर्यटक परिपथों का विकास
    C. हाशिये के वर्गों का कौशल विकास
    D. उत्तर-पूर्व भारत में हरित क्रांति लाना

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी (IRENA) एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसे आधिकारिक तौर पर 2009 में बॉन (जर्मनी) में स्थापित किया गया था।
    2. IRENA का मुख्यालय अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में स्थित है।
    3. IRENA अक्षय ऊर्जा के सभी रूपों को व्यापक रूप से अपनाने और इनके सतत् उपयोग को बढ़ावा देने का कार्य करता है।

नोट :

दृष्टि The Vision

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

7: 'अतिरिक्त अनुदान' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

A. यह भारत के संसाधनों पर एक अप्रत्याशित मांग को पूरा करने हेतु दिया जाता है।

B. यह किसी भी वित्तीय वर्ष की वर्तमान सेवा का हिस्सा नहीं है।

C. लोकसभा में मतदान के लिये प्रस्तुत करने से पहले इसे संसद की लोक लेखा समिति द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिये।

D. यह उस प्रक्रिया द्वारा विनियमित नहीं है, जो नियमित बजट के मामले में लागू होती है।

8. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **हाइड्रोजन के प्रकार** | **विकसित** |
|---|---|---|
| 1. | ब्राउन हाइड्रोजन | कोयले द्वारा उत्पादित होता है जहाँ उत्सर्जन को वायुमंडल में निष्कासित किया जाता है। |
| 2. | ग्रे हाइड्रोजन | प्राकृतिक गैस से उत्पन्न होती है, जहाँ कार्बन कैप्चर और स्टोरेज का उपयोग करके उत्सर्जन को कैप्चर किया जाता है। |
| 3. | ग्रीन हाइड्रोजन | अक्षय ऊर्जा का उपयोग करके पानी में इलेक्ट्रोलिसिस द्वारा उत्पादन किया जाता है |
| 4. | नीला हाइड्रोजन | प्राकृतिक गैस से उत्पादित जिसका उत्सर्जन हवा में होता है |

उपर्युक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं?

A. केवल 1, 3 और 4

B. केवल 2, 3 और 4

C. केवल 1 और 3

D. केवल 2 और 4

9. डीप ओशन मिशन हाल ही में चर्चा में रहा है, यह निम्नलिखित में से किस संस्थान द्वारा शुरू किया गया है?

A. नीति आयोग

B. अंतर्राष्ट्रीय समुद्र तल प्राधिकरण

C. पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

D. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम

10 'सीलबंद कवर न्यायशास्त्र' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सर्वोच्च न्यायालय सरकारी एजेंसियों से सीलबंद लिफाफों में जानकारी स्वीकार करता है जिसे केवल न्यायाधीश ही एक्सेस कर सकते हैं।
2. सीलबंद लिफाफे का सिद्धांत भारतीय दंड संहिता, 1860 से लिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

11. 'राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण' (NDMA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत में आपदा प्रबंधन के लिये सर्वोच्च वैधानिक निकाय है।
2. केंद्रीय गृह मंत्री NDMA के अध्यक्ष हैं।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

12: 'वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट-2022' को हाल ही में किसके द्वारा जारी किया गया?

A. संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समाधान नेटवर्क (UN-SDSN)

B. विश्व आर्थिक मंच (WEF)

C. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)

D. संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को)

13: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्वदेश दर्शन, देश में थीम आधारित पर्यटन सर्किट के एकीकृत विकास हेतु एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है।
2. प्रसाद योजना चिह्नित तीर्थस्थलों के समग्र विकास के उद्देश्य से शुरू की गई थी।
3. पर्यटन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन किया जाता रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है जिसमें केंद्र सरकार प्रीमियम राशि का 95% से अधिक का भुगतान करती है, जबकि किसान प्रीमियम का 1.5-5% वहन करता है।
2. वर्ष 2020 से संस्थागत वित्त प्राप्त करने वाले सभी किसानों के लिये इस योजना को अनिवार्य कर दिया गया था।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के संबंध में उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

15. आर्कटिक परिषद के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वर्ष 1996 में ओटावा घोषणा द्वारा स्थापित एक उच्च स्तरीय अंतर-सरकारी निकाय है।
2. सदस्यों, पर्यवेक्षक देशों और 'स्थायी प्रतिभागियों' के बीच, गैर-आर्कटिक राष्ट्रों के लिये केवल पर्यवेक्षक का दर्जा उपलब्ध है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

16. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

A. ओल चिकी लिपि संथाली की आधिकारिक लेखन प्रणाली है।

B. संथाली एक द्रविड़ भाषा है।

C. संथाली को भारत में एक आधिकारिक क्षेत्रीय भाषा के रूप में मान्यता प्राप्त है।

D. वर्ष 2003 के 92वें संशोधन अधिनियम द्वारा संथाली को एक आधिकारिक भाषा के रूप में जोड़ा गया था।

**नोट :**

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये::
    1. रूस कच्चे तेल और तेल उत्पादों का दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक देश है।
    2. भारत विश्व का सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता देश है।
    3. ब्रेंट क्रूड आयल अमेरिकी तेल क्षेत्रों से प्राप्त किया जाता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

    A. केवल 1 और 2

    B. केवल 1

    C. केवल 3

    D. 1, 2, और 3

18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. संविधान की आठवीं अनुसूची में भारतीय गणराज्य की आधिकारिक भाषाओं को सूचीबद्ध किया गया है।
    2. वर्ष 1967 के 21वें संशोधन अधिनियम द्वारा कोंकणी, मणिपुरी और नेपाली को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था।
    3. आठवीं अनुसूची में शामिल करने हेतु किसी भी भाषा पर विचार करने के लिये कोई निश्चित मानदंड नहीं है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

    A. केवल 1

    B. केवल 1 और 3

    C. केवल 2 और 3

    D. 1, 2 और 3

19. मोज़ाम्बिक चैनल निम्नलिखित में से किस देश के साथ भूमि सीमा साझा नहीं करता है ?

    A. तंज़ानिया

    B. ज़िम्बाब्वे

    C. मेडागास्कर

    D. कोमोरोस

20. राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (NPPA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. NPPA का गठन भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत किया गया था।
    2. यह ड्रग्स (मूल्य नियंत्रण) आदेश के तहत नियंत्रित थोक दवाओं की कीमतों को तय/संशोधित करता है तथा देश में दवाओं की कीमतों को लागू करता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

    A. केवल 1

    B. केवल 2

    C. 1 और 2 दोनों

    D. न तो 1 और न ही 2

21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. भारत का संविधान अनुसूचित जनजातियों की मान्यता के मानदंडों को परिभाषित करता है।
    2. संविधान का अनुच्छेद 342 राज्यपाल को उस राज्य में किसी भी जनजाति को अनुसूचित जनजाति के रूप में निर्दिष्ट करने का अधिकार देता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

    A. केवल 1

    B. केवल 2

    C. 1 और 2 दोनों

    D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

22. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (NCST) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. इसकी स्थापना 91वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 द्वारा की गई थी।
2. इसकी स्थापना भारतीय संविधान में अनुच्छेद 338A को सम्मिलित करके की गई थी।
3. जनजातीय मामलों का मंत्री NCST का पदेन अध्यक्ष होता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विकेंद्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार के लिये जापानी कंपनियों द्वारा भारत में जोहकासौ तकनीक शुरू की जाएगी।
2. धर्म गार्जियन भारत और जापान के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

24. राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जैविक विविधता पर संधि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र में इस पर वार्ता चल रही है।
2. इसे UNCLOS के ढाँचे के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

25. 'मार्शल प्लान' के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

A. द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अर्थव्यवस्थाओं के पुनर्वास के लिये डिज़ाइन किया गया यूएस प्रायोजित कार्यक्रम।
B. द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पूर्वी यूरोपीय देश को मुक्त करने की अमेरिका की योजना।
C. द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मन हमले को रोकने के लिये यूएसएसआर नीति।
D. यूरोपीय देशों पर जर्मन हमले को बेअसर करने की यूएस की योजना।

26. भारत के नागरिक उड्डयन बाज़ार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वित्तीय वर्ष 2016-20 के दौरान इस क्षेत्र में लगभग 13% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (CAGR) दर्ज की गई।
2. सरकार ने इस क्षेत्र में ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड परियोजनाओं के लिये स्वचालित मार्ग के तहत 75% एफडीआई की अनुमति दी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दशक 2018-2028 को सतत् विकास हेतु जल पर कार्रवाई के लिये अंतर्राष्ट्रीय दशक के रूप में घोषित किया है।
2. एशिया-प्रशांत क्षेत्र दुनिया का सबसे बड़ा भूजल संग्रहकर्त्ता है।
3. SDG-6 सभी के लिये पानी और स्वच्छता की उपलब्धता तथा टिकाऊ प्रबंधन सुनिश्चित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

28. मिनामाता कन्वेंशन हाल ही में चर्चा में रहा है। यह निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. काला सागर तक पहुँच
B. आर्कटिक का पिघलना
C. पारा प्रदूषण
D. ऑर्बिट का आवंटन

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रत्येक वर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस के रूप में मनाया जाता है।
2. गौरैया केवल भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

30. अफ्रीका की 'बोमा तकनीक' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें फनल जैसी बाड़ के माध्यम से जानवरों का पीछा करके उन्हें एक बाड़े में में पहुँचाया जाता है।
2. इसका उपयोग हाल ही में राजस्थान के 'केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान' में किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

31: 'विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट-2021' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह स्विस वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी 'IQAir' द्वारा जारी किया गया है।
2. यह PM2.5 की सांद्रता के आधार पर वायु गुणवत्ता के स्तर को मापता है।
3. भारत में लगातार चौथे वर्ष वायु गुणवत्ता में सुधार की प्रवृत्ति देखी गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भगत सिंह ने हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन का नाम बदलकर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन कर दिया।
2. भगत सिंह ने नौजवान भारत सभा नामक संगठन की शुरुआत की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

33. 'दुस्तलिक' सैन्य अभ्यास' निम्नलिखित में से किन दो देशों के बीच एक प्रशिक्षण अभ्यास है?

A. भारत और ताज़िकिस्तान
B. भारत और उज़्बेकिस्तान
C. उज़्बेकिस्तान और पाकिस्तान
D. भारत और रूस

34. 'आर्टेमिस मिशन' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. यह नासा की अगली पीढ़ी का चंद्र अन्वेषण मिशन है।
B. यह नासा और ईएसए द्वारा शुरू किया गया एक सौर मिशन है।
C. यह निकट-पृथ्वी क्षुद्रग्रह बेन्नू के लिये एक मिशन है।
D. इसे एक्सोप्लैनेट के रूप में भी जाना जाता है जिसे चमकीले सितारों को देखने के लिये लॉन्च किया गया है।

35 क्षय रोग (टीबी) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. क्षय रोग माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु के कारण होता है।
2. क्षय रोग के उपचार के लिये कोई टीका नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

36. नगर निगम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संसद के अधिनियमों के माध्यम से राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में नगर निगमों की स्थापना की जाती है।
2. भारत में पहला नगर निगम वर्ष 1688 में मद्रास में बनाया गया था।
3. भारतीय संविधान की 12वीं अनुसूची नगर पालिकाओं की शक्तियों, अधिकारों और उत्तरदायित्वों को निर्दिष्ट करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

37. लेड/सीसा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मानव शरीर में इसका वितरण मस्तिष्क, यकृत और गुर्दे में पाया जाता है।
2. वर्ष 2019 तक सीसा के संपर्क में आने से होने वाली मौतों/बीमारियों का सबसे अधिक बोझ विकसित, औद्योगिक देशों में था।
3. लीड एक्सपोज़र एनीमिया, उच्च रक्तचाप और गुर्दे की हानि जैसी स्थितियों से जुड़ा हुआ है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अनुच्छेद 356 के तहत लगाए गए आपातकाल को लोकप्रिय रूप से राष्ट्रपति शासन के रूप में जाना जाता है।
2. जब राष्ट्रपति शासन लगाया जाता है, तो राष्ट्रपति राज्य सरकार के कार्यों और राज्यपाल में निहित शक्तियों को ले सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

39. "$H_2$Ooooh! - भारत के बच्चों के लिये वाटर वाइज़ प्रोग्राम" किसके द्वारा शुरू की गई एक पहल है:

A. UNEP

B. यूनेस्को

C. UNDP

D. नीति आयोग

40. आपातकालीन प्रावधानों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे भारतीय संविधान के भाग XVIII में निहित हैं।
2. आपातकाल के दौरान मौलिक अधिकारों का निलंबन वीमर (जर्मन) संविधान से लिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह होर्मुज़ जलडमरूमध्य के प्रवेश द्वार पर है जिसके माध्यम से भारत अपने तेल आयात के पाँचवें हिस्से का आयात करता है।
2. यह खाड़ी क्षेत्र का एकमात्र देश है जिसके साथ भारतीय सशस्त्र बलों की तीनों सेनाएँ नियमित रूप से द्विपक्षीय अभ्यास करती हैं।
3. दुकम बंदरगाह इस देश में स्थित है।

उपर्युक्त कथन सर्वाधिक रूप से उचित निम्नलिखित में से किस देश का वर्णन करते हैं?

A. ओमान

B. कतर

C. सऊदी अरब

D. संयुक्त अरब अमीरात

42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राज्य विधायिका को अपने अधिकार क्षेत्र में अन्य राज्यों द्वारा संचालित लॉटरी पर कर लगाने का अधिकार है।
2. सट्टा और जुआ संविधान की सातवीं अनुसूची में राज्य सूची का विषय है।
3. लॉटरी, जुआ और सट्टेबाज़ी 'वस्तु एवं सेवा कर' (GST) अधिनियम, 2017 के तहत कर योग्य हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

43. निर्यात तत्परता सूचकांक (EPI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह चुनौतियों, अवसरों की पहचान करता है और निर्यात के लिये एक सुविधाजनक नियामक ढाँचे को प्रोत्साहित करता है।
2. यह उप-राष्ट्रीय स्तर पर निर्यात को बढ़ावा देने के लिये महत्त्वपूर्ण प्रमुख क्षेत्रों की पहचान करने हेतु एक डेटा-संचालित प्रयास है।
3. यह संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) द्वारा नीति आयोग के सहयोग से जारी किया गया है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1,2 और 3

44. भारत के इतिहास में आपराधिक कानूनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. लॉर्ड कॉर्नवालिस को भारत में आपराधिक कानूनों के संहिताकरण का मुख्य वास्तुकार कहा जाता है।
2. भारत में आपराधिक कानून भारतीय दंड संहिता, 1860, आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 आदि द्वारा शासित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

45. बुखारेस्ट नाइन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह काला सागर की सीमा से लगे सभी देशों का समूह है।
2. इस समूह के सभी देश नाटो के सदस्य हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

46.. नम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कृष्णा नदी की एक सहायक नदी है।
2. केरा, वांग, मोरना और महिंद इसकी सहायक नदियाँ हैं।
3. इसी नदी पर शिवसागर जलाशय बना है।

उपर्युक्त विवरण सबसे उपयुक्त रूप से निम्नलिखित में से किस नदी की व्याख्या करते हैं?

A. गोदावरी

B. मालप्रभा

C. कोयना

D. शिप्रा

नोट :

47. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | दर्रा | किससे-किसको जोड़ता है |
|---|---|---|
| 1. | बनिहाल | कश्मीर को बाह्य हिमालय से |
| 2. | फोटू-ला | लेह को कारगिल से |
| 3. | रोहतांग | कुल्लू घाटी को हिमाचल प्रदेश की लाहौल और स्पीति घाटी से |
| 4. | ज़ोजिला | लेह और श्रीनगर को |

उपर्युक्त में से कौन सा युग्म सही सुमेलित है ?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 4
C. केवल 1, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

48. अधिमान्य या तरजीही व्यापार समझौते (PTA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दो या दो से अधिक साझेदार एक निश्चित संख्या में टैरिफ लाइनों पर शुल्क कम करके कुछ उत्पादों को अधिमान्य अधिकार देते हैं।
2. इसके तहत उत्पादों के लिये टैरिफ को शून्य तक कम नहीं किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

49. 'सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय मेला' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका आयोजन हरियाणा पर्यटन द्वारा केंद्रीय पर्यटन, कपड़ा, संस्कृति और विदेश मंत्रालयों के सहयोग से किया जाता है।
2. वर्ष 2022 के लिये जम्मू और कश्मीर 'थीम स्टेट' है और उज़्बेकिस्तान 'पार्टनर नेशन' है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ऑस्ट्रेलिया एक नई डिफेंस स्पेस कमांड एजेंसी स्थापित करने जा रहा है।
2. डिफेंस स्पेस कमांड एजेंसी लोगों को अंतरिक्ष विशेषज्ञ बनने के लिये प्रशिक्षण प्रदान करने में मदद करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. टिक्स हानिकारक हैं क्योंकि रक्त चूसने वाले ये परजीवी डेयरी पशुओं की उत्पादकता को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं।
2. नीम और नगोड़ जैसे हर्बल अवयवों से युक्त फॉर्मूलेशन का उपयोग डेयरी पशुओं के बीच टिक के संक्रमण को रोकने हेतु किया जाता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

52. 'खुरपका-मुँहपका रोग' (FMD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक अत्यधिक संक्रामक कवक संक्रमण है, जो मवेशियों, सूअर, भेड़ और बकरियों को प्रभावित करता है।
2. केवल दुर्लभ मामलों में मनुष्य इस रोग के प्रति सुभेद्य होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

53. हाल ही में चर्चा में रही 'तेजस' कौशल प्रशिक्षण परियोजना निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. विदेशों में रहने वाले भारतीयों को प्रशिक्षित करने के लिये कौशल भारत अंतर्राष्ट्रीय परियोजना

B. रेलवे कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये कौशल भारत परियोजना

C. एमएसएमई श्रमिकों को कौशल प्रदान करने के लिये एक सरकारी परियोजना।

D. भारतीय सेना के जवानों के लिये प्रशिक्षण परियोजना।

54. 'अंटार्कटिक संधि' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'अंटार्कटिक संधि' दुनिया में एकमात्र ऐसी संधि है, जो पूरे महाद्वीप को नियंत्रित करती है।
2. भारत वर्ष 2014 में इस संधि का सदस्य बना था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

55. भारत में अल्पसंख्यकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान में भारत के राष्ट्रपति को भाषायी अल्पसंख्यकों के लिये एक विशेष अधिकारी नियुक्त करने का प्रावधान है।
2. भारतीय संविधान धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ-साथ भाषायी अल्पसंख्यकों को सुरक्षा प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

56. संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संयुक्त राष्ट्र महासभा का एक सहायक अंग है जो यौन और प्रजनन स्वास्थ्य एजेंसी के रूप में कार्य करता है।
2. UNFPA पूरी तरह से दाता सरकारों (या अंतर-सरकारी संगठनों) के स्वैच्छिक योगदान द्वारा समर्थित है, न कि संयुक्त राष्ट्र के बजट द्वारा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. न्यू डेवलपमेंट बैंक की स्थापना फोर्टालेजा घोषणा के तहत हुई है।
2. ब्रिक्स देशों ने वर्ष 2014 में फोर्टालेजा घोषणा के हिस्से के रूप में आकस्मिक रिज़र्व व्यवस्था (सीआरए) पर हस्ताक्षर किये।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह किसी उत्पाद के स्टिकर मूल्य को बनाए रखते हुए उसके आकार को कम करने की पद्धति है।
2. यह छिपी हुई मुद्रास्फीति का एक रूप है।
3. जब कंपनियों को बढ़ती इनपुट लागत का सामना करना पड़ता है तो यह चुपके से लाभ मार्जिन बढ़ा देता है।

उपर्युक्त विवरण सर्वाधिक उपयुक्त रूप से निम्नलिखित में से किस आर्थिक अवधारणा की व्याख्या करते हैं?

A. श्रृंकफ्लेशन
B. मुद्रास्फीतिजनित मंदी
C. तीव्र मुद्रास्फीति
D. विस्फीति

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. डारलोंग सिक्किम का एक आदिवासी समुदाय है।
2. डारलोंग समुदाय स्वयं पर शासन करने तथा इससे संबंधित मामलों के लिये प्रथागत कानून और प्रथाओं का प्रयोग करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. माइक्रोप्लास्टिक ऐसे प्लास्टिक होते हैं जिनका व्यास पाँच सेंटीमीटर से कम होता है।
2. प्राथमिक माइक्रोप्लास्टिक, पानी की बोतलों जैसे- बड़े प्लास्टिक के टूटने से बनते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

61. 'राइट मॉन्स' नामक एक पहाड़ी विशेषता निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. फोबोस
B. प्लूटो
C. टाइटन
D. मंगल ग्रह

नोट :

62 'बिम्सटेक' (बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सभी आसियान देश इसके सदस्य हैं।
2. इसका सचिवालय काठमांडू में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

63 'I-STEM' पोर्टल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पोर्टल शोधकर्त्ताओं को उपकरणों के उपयोग के लिये स्लॉट तक पहुँचने और परिणामों के विवरण, जैसे- पेटेंट, प्रकाशन और प्रौद्योगिकियों को साझा करने की सुविधा प्रदान करता है।
2. पोर्टल को प्रधानमंत्री विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सलाहकार परिषद (PM-STIAC) मिशन के तत्त्वावधान में लॉन्च किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

64 एशियाई विकास बैंक (ADB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना वर्ष 2009 में हुई थी।
2. भारत वर्ष 2016 में एक सदस्य के रूप में इसमें शामिल हुआ था।
3. इसका मुख्यालय मनीला, फिलीपींस में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 3

65 वर्ल्ड एनर्जी ट्रांज़िशन आउटलुक निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा प्रकाशित किया जाता है?

A. अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी
B. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी
C. अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी
D. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच

## व्याख्या भाग-2

1. उत्तर: B

व्याख्या:

मैन-पोर्टेबल एयर-डिफेंस सिस्टम (MANPADS):

- MANPADS कम दूरी की हल्की एवं पोर्टेबल सतह-से-हवा में मार करने वाली मिसाइलें हैं, जिन्हें विमान या हेलीकॉप्टर को नष्ट करने के लिये प्रयोग किया जा सकता है। अत: कथन 1 सही है।

- ये हवाई हमलों से सैनिकों की सुरक्षा करने में मदद करती हैं और कम उड़ान वाले विमानों को निशाना बनाने में सबसे प्रभावी हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - 'मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक सिस्टम' (MANPAT) भी इसी प्रकार कार्य करते हैं लेकिन इसका उपयोग सैन्य टैंकों को नष्ट या अक्षम करने हेतु किया जाता है।
- 'MANPADS' की अधिकतम सीमा 8 किलोमीटर है और यह 4.5 किमी की ऊँचाई तक लक्ष्य को भेद सकती है।
- पहला 'MANPADS' 1960 के दशक में संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत संघ द्वारा पेश किया गया था। अत: कथन 3 सही है।

2. उत्तर: C

व्याख्या:

फारस की खाड़ी:

- यह हिंद महासागर का एक उथला सीमांत समुद्री क्षेत्र है जो अरब प्रायद्वीप और दक्षिण-पश्चिमी ईरान के मध्य स्थित है। समुद्र का क्षेत्रफल लगभग 93,000 वर्ग मील (241,000 वर्ग किमी) तथा इसकी लंबाई लगभग 615 मील (990 किमी) है एवं इसकी चौड़ाई होर्मुज़ जलडमरूमध्य में अधिकतम लगभग 210 मील (340 किमी) तथा न्यूनतम 35 मील (55 किमी) है।
- फारस की खाड़ी को घेरने वाले देश हैं: बहरीन, ईरान, इराक, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात।
- अत: विकल्प C सही है।

3. उत्तर: B

व्याख्या:

| मौलिक अधिकार जो केवल नागरिकों को उपलब्ध हैं, न कि विदेशियों के लिये | नागरिकों और विदेशियों दोनों के लिये उपलब्ध मौलिक अधिकार (शत्रु देश को छोड़कर) |
|---|---|
| अनुच्छेद 15: केवल धर्म, मूल वंश, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध। | अनुच्छेद 14: विधि के समक्ष समता और विधियों का समान संरक्षण |
| अनुच्छेद 16: लोक नियोजन के विषय में अवसर की समानता। | अनुच्छेद 20: अपराधों के लिये दोषसिद्धि के संबंध में संरक्षण। |
| अनुच्छेद 19: (i) विचार एवं अभिव्यक्ति, (ii) शांतिपूर्ण सम्मेलन, (iii) संघ बनाने, (iv) निर्बाध विचरण, (v) निवास और पेशे की स्वतंत्रता के संबंध में छह अधिकारों का संरक्षण। | अनुच्छेद 21: प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण। |
| अनुच्छेद 29: अल्पसंख्यकों की भाषा, लिपि और संस्कृति का संरक्षण। | अनुच्छेद 21A: प्रारंभिक शिक्षा का अधिकार। |
| अनुच्छेद 30: अल्पसंख्यकों का शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना एवं उसके संचालन का अधिकार। | अनुच्छेद 22: कुछ मामलों में हिरासत एवं नज़रबंदी से संरक्षण। |
| | अनुच्छेद 23: बलात् श्रम एवं अवैध मानव व्यापार के विरुद्ध प्रतिषेध। |
| | अनुच्छेद 24: कारखानों आदि में बच्चों के नियोजन का प्रतिषेध। |
| | अनुच्छेद 25: धर्म की अभिवृद्धि के लिये प्रयास करने की स्वतंत्रता। |
| | अनुच्छेद 26: धार्मिक संस्थाओं के संचालन की स्वतंत्रता। |
| | अनुच्छेद 27: किसी धर्म को प्रोत्साहित करने हेतु कर से छूट। |
| | अनुच्छेद 28:कुछ शिक्षण संस्थानों में धार्मिक शिक्षा या पूजा में भाग लेने के बारे में स्वतंत्रता। |

- अत: विकल्प B सही है।

नोट :

4. उत्तर: C

व्याख्या

- आधिकारिक तौर पर गंगा डॉल्फिन (प्लैटनिस्टा गैंगेटिका) की खोज वर्ष 1801 में की गई थी।
- ये नेपाल, भारत और बांग्लादेश की गंगा-ब्रह्मपुत्र-मेघना और कर्णफुली-सांगु नदी प्रणालियों में रहती हैं।
  - गंगा नदी डॉल्फिन केवल मीठे/ताज़े जल में रह सकती है और यह वास्तव में दृष्टिहीन होती है। अत: कथन 1 सही है।
  - ये पराश्रव्य ध्वनियों का उत्सर्जन करके शिकार करती हैं, जो मछलियों और अन्य शिकार से टकराकर वापस लौटती है तथा उन्हें अपने दिमाग में एक छवि "देखने" में सक्षम बनाती है। इन्हें 'सुसु' (Susu) भी कहा जाता है।
- इस प्रजाति की वैश्विक आबादी अनुमानत: 4,000 है और इनमें से लगभग 80% भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाती है।
- यह संपूर्ण नदी पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य का एक विश्वसनीय संकेतक है। अत: कथन 2 सही है।

5. उत्तर: C

व्याख्या:

'पीएम-दक्ष योजना':

- पीएम-दक्ष योजना वर्ष 2020-21 से लागू की गई है।
- इसके तहत पात्र लक्ष्य समूहों के कौशल विकास हेतु अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसे अप-स्किलिंग/रिस्किलिंग; उद्यमिता विकास कार्यक्रम और दीर्घकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।
  - ये प्रशिक्षण कार्यक्रम सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा गठित क्षेत्र कौशल परिषदों एवं अन्य विश्वसनीय संस्थानों के माध्यम से कार्यान्वित किये जा रहे हैं।
- अर्हता:
  - अनुसूचित जाति (SC), अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC), आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग, विमुक्त जनजाति, कचरा बीनने वाले, हाथ से मैला ढोने वाले, ट्रांसजेंडर और अन्य समान श्रेणियों के हाशिये पर रहने वाले व्यक्ति। अत: विकल्प C सही है।

6. उत्तर: D

व्याख्या:

- यह एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसे आधिकारिक तौर पर जनवरी 2009 में बॉन, जर्मनी में स्थापित किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
  - वर्तमान में इसके 164 सदस्य देश हैं और भारत इसका 77वाँ संस्थापक सदस्य देश है।
  - इसका मुख्यालय अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में स्थित है। अत: कथन 2 सही है।
- प्रमुख कार्य:
  - यह एक स्थायी ऊर्जा भविष्य के लिये अपने सदस्य देशों को उनके ट्रांज़िशन में सहायता करता है और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिये प्रमुख मंच, उत्कृष्टता केंद्र और नवीकरणीय ऊर्जा पर नीति, प्रौद्योगिकी, संसाधन तथा वित्तीय ज्ञान के भंडार के रूप में कार्य करता है।
  - यह सतत् विकास, ऊर्जा तक पहुँच, ऊर्जा सुरक्षा और निम्न कार्बन आर्थिक विकास एवं समृद्धि सुनिश्चित करने हेतु जैव ऊर्जा, भू-तापीय, जलविद्युत, महासागर, सौर एवं पवन ऊर्जा सहित नवीकरणीय ऊर्जा के सभी रूपों को व्यापक रूप से अपनाने और सतत् उपयोग को बढ़ावा देने का कार्य भी करता है। अत: कथन 3 सही है।

7. उत्तर: C

व्याख्या:

अनुदान के अन्य प्रकार:

- अतिरिक्त अनुदान (Additional Grant): यह अनुदान उस समय प्रदान किया जाता है जब सरकार को उस वर्ष के वित्तीय विवरण में परिकल्पित/अनुध्यात सेवाओं के अतिरिक्त किसी नई सेवा के लिये धन की आवश्यकता होती है।

नोट :

- अधिक अनुदान (Excess Grant): यह तब प्रदान किया जाता है जब किसी सेवा पर उस वित्तीय वर्ष में निर्धारित (उस वर्ष में संबंधित सेवा के लिये) या अनुदान किये गए धन से अधिक व्यय हो जाता है। इस पर लोकसभा द्वारा वित्तीय वर्ष खत्म होने के बाद मतदान किया जाता है। मतदान के लिये लोकसभा में इस अनुदान की मांग प्रस्तुत करने से पहले उसे संसद की लोक लेखा समिति (Public Accounts Committee) द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिये। अत: विकल्प C सही है।
- प्रत्यानुदान (Vote of Credit): जब किसी सेवा के अनिश्चित स्वरूप के कारण उसकी मांग को बजट में उस प्रकार नहीं रखा जा सकता जिस प्रकार से सामान्यतया बजट में अन्य मांगों को रखा जाता है, तो ऐसी मांगों की पूर्ति के लिये प्रत्यानुदान प्रदान किया जाता है।
    - अत: यह लोकसभा द्वारा कार्यपालिका को दिये गए ब्लैंक चेक के समान है।
- अपवादानुदान (Exceptional Grant): यह एक विशेष उद्देश्य के लिये प्रदान किया जाता है तथा यह किसी भी वित्तीय वर्ष की वर्तमान सेवा का हिस्सा नहीं होता है।

संबंधित संवैधानिक प्रावधान:

- अनुच्छेद 115 अनुपूरक, अतिरिक्त या अधिक अनुदान से संबंधित है।
- भारतीय संविधान का अनुच्छेद-116 लेखानुदान, प्रत्यानुदान और अपवादानुदान के निर्धारण से संबंधित है।
- अनुपूरक, अतिरिक्त, अधिक और असाधारण अनुदान तथा वोट ऑफ क्रेडिट को उसी प्रक्रिया द्वारा विनियमित किया जाता है जैसे बजट (Budget) को किया जाता है।

8. उत्तर: C

व्याख्या:

- स्वच्छ वैकल्पिक ईंधन विकल्प के लिये हाइड्रोजन पृथ्वी पर सबसे प्रचुर तत्त्वों में से एक है।
- हाइड्रोजन का प्रकार उसके बनने की प्रक्रिया पर निर्भर करती है:
    - ग्रीन हाइड्रोजन अक्षय ऊर्जा (जैसे सौर, पवन) का उपयोग करके जल के इलेक्ट्रोलिसिस द्वारा निर्मित है और इसमें कार्बन फुटप्रिंट कम होता है।
        - इसके तहत विद्युत द्वारा जल ($H_2O$) को हाइड्रोजन (H) और ऑक्सीजन ($O_2$) में विभाजित किया जाता है।
        - उपोत्पाद: जल, जलवाष्प।
    - ब्राउन हाइड्रोजन का उत्पादन कोयले का उपयोग करके किया जाता है जहाँ उत्सर्जन को वायुमंडल में निष्कासित किया जाता है।
    - ग्रे हाइड्रोजन (Grey Hydrogen) प्राकृतिक गैस से उत्पन्न होती है जहाँ संबंधित उत्सर्जन को वायुमंडल में निष्कासित किया जाता है।
    - ब्लू हाइड्रोजन (Blue Hydrogen) प्राकृतिक गैस से उत्पन्न होती है, जहाँ कार्बन कैप्चर और स्टोरेज का उपयोग करके उत्सर्जन को कैप्चर किया जाता है। अत: विकल्प C सही है।

9. उत्तर: C

व्याख्या:

डीप ओशन मिशन के बारे में:

- हाल ही में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा डीप ओशन मिशन (Deep Ocean Mission- DOM) लॉन्च किया गया है।
- DOM भारत सरकार की ब्लू इकॉनमी पहल का समर्थन करने हेतु एक मिशन मोड प्रोजेक्ट है।
- इससे पूर्व पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने ब्लू इकॉनमी पॉलिसी का मसौदा भी तैयार किया गया था। अत: विकल्प C सही है।

10. उत्तर: A

व्याख्या:

- सीलबंद कवर न्यायशास्त्र एक अभ्यास है जिसका उपयोग सर्वोच्च न्यायालय और कभी-कभी निचली अदालतों द्वारा सीलबंद लिफाफों में सरकारी एजेंसियों से जानकारी मांगने या स्वीकार करने के लिये किया जाता है, इसे केवल न्यायाधीशों द्वारा ही एक्सेस किया जा सकता है। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

- यद्यपि कोई विशिष्ट कानून 'सीलबंद कवर' के सिद्धांत को परिभाषित नहीं करता है, सर्वोच्च न्यायालय इसे सर्वोच्च न्यायालय के नियमों के आदेश XIII के नियम 7 और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 123 से उपयोग करने की शक्ति प्राप्त करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - सर्वोच्च न्यायालय के आदेश XIII के नियम 7:
    - नियम के अनुसार, यदि मुख्य न्यायाधीश या अदालत कुछ सूचनाओं को सीलबंद लिफाफे में रखने का निर्देश देते हैं या इसे गोपनीय प्रकृति का मानते हैं, तो किसी भी पक्ष को ऐसी जानकारी की सामग्री तक पहुँच की अनुमति नहीं दी जाएगी, सिवाय इसके कि मुख्य न्यायाधीश स्वयं आदेश दे कि विपरीत पक्ष को इसे एक्सेस करने की अनुमति दी जाए।
    - इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि सूचना को गोपनीय रखा जा सकता है यदि इसके प्रकाशन को जनता के हित में नहीं माना जाता है।
  - वर्ष 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 123:
    - इस अधिनियम के तहत राज्य के मामलों से संबंधित आधिकारिक अप्रकाशित दस्तावेज़ों की रक्षा की जाती है और एक सरकारी अधिकारी को ऐसे दस्तावेज़ों का खुलासा करने के लिये मजबूर नहीं किया जा सकता है।
    - अन्य उदाहरण जहाँ गोपनीयता या विश्वास के तहत जानकारी मांगी जा सकती है, इसका प्रकाशन जाँच में बाधा डालता है जैसे- विवरण (Details) जो पुलिस केस डायरी का हिस्सा है।

11. उत्तर: A

व्याख्या:

- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भारत में आपदा प्रबंधन के लिये शीर्ष वैधानिक निकाय है। अत: कथन 1 सही है।
- इसका ओपचारिक रूप से गठन 27 सितंबर, 2006 को आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत हुआ जिसमें प्रधानमंत्री अध्यक्ष और नौ अन्य सदस्य होंगे तथा इनमें से एक सदस्य को उपाध्यक्ष पद दिया जाएगा। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इसका प्राथमिक उद्देश्य प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं के दौरान प्रतिक्रियाओं में समन्वय स्थापित करना और आपदा-प्रत्यास्थ (आपदाओं में लचीली रणनीति) व संकटकालीन प्रतिक्रिया हेतु क्षमता निर्माण करना है। आपदाओं के प्रति समय पर प्रभावी प्रतिक्रिया के लिये आपदा प्रबंधन हेतु नीतियाँ, योजनाएँ और दिशा-निर्देश तैयार करने हेतु यह एक शीर्ष निकाय है।

12. उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समाधान नेटवर्क द्वारा 'वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट 2022' प्रकाशित की गई है।
  - इस वर्ष 'वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट' की 10वीं वर्षगाँठ है।
- वर्ष 2012 में शुरू हुआ सतत् विकास समाधान नेटवर्क (SDSN) सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) और पेरिस जलवायु समझौते से संबंधित व्यावहारिक समस्या को हल करने हेतु वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक व तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करता है।
- इसे संयुक्त राष्ट्र महासचिव के तत्त्वावधान में स्थापित किया गया था।
- सतत् विकास समाधान नेटवर्क (SDSN) और बर्टेल्समन स्टिफ्टंग द्वारा वर्ष 2016 से वार्षिक SDG सूचकांक और डैशबोर्ड ग्लोबल रिपोर्ट प्रकाशित की जा रही है। अत: विकल्प A सही है।

13. उत्तर: B

व्याख्या

- स्वदेश दर्शन योजना: इसके तहत पर्यटन मंत्रालय 13 चिह्नित थीम आधारित सर्किट्स के बुनियादी ढाँचे के विकास हेतु राज्य सरकारों/ केंद्रशासित प्रदेशों के प्रशासन को केंद्रीय वित्तीय सहायता (CFA) प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही है।
- तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत संवर्द्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन:
  - पर्यटन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2014-15 में चिह्नित तीर्थस्थलों के समग्र विकास के उद्देश्य से प्रसाद योजना शुरू की गई थी। अत: कथन 2 सही है।

- पर्यटन मंत्रालय (भारत सरकार) वर्ष 2004 से द्विवार्षिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन कर रहा है।
  - पूर्ववर्ती अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन नई दिल्ली और बोधगया (फरवरी 2004), नालंदा तथा बोधगया (फरवरी 2010), वाराणसी एवं बोधगया (2012 व 2014), सारनाथ/वाराणसी और बोधगया (अक्तूबर 2016), नई दिल्ली (2018) में आयोजित किये गए थे। अत: कथन 3 सही नहीं है।

14. उत्तर: D

व्याख्या:

प्रधामंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY):

- यह केंद्र-राज्य की एक संयुक्त योजना है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2016-17 के खरीफ सीज़न के दौरान की गई थी।
  - केंद्र और राज्य सरकारें प्रीमियम राशि का 95% से अधिक भुगतान करती हैं, जबकि किसान प्रीमियम राशि का 1.5-5% वहन करते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- चूँकि प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग किसानों के दावों को एक निर्धारित समयावधि के भीतर निपटाने के लिये किया जाता है, इसलिये किसानों को फसल के नुकसान की रिपोर्ट ऑनलाइन दर्ज़ करने की आवश्यकता होती है और मुआवज़े की राशि सीधे उनके खातों में भुगतान से पहले बीमा कंपनियों द्वारा मान्य होती है।
- वर्ष 2020 से पहले संस्थागत वित्त प्राप्त करने वाले किसानों के लिये यह योजना अनिवार्य थी, लेकिन इसमें परिवर्तन कर इसे सभी किसानों के लिये स्वैच्छिक बना दिया गया। अत: कथन 2 सही नहीं है।

15. उत्तर: C

व्याख्या:

आर्कटिक परिषद:

- आर्कटिक परिषद आर्कटिक देशों, साथ ही आर्कटिक के देशज समुदायों और अन्य आर्कटिक निवासियों के बीच सहयोग, समन्वय व अनुक्रिया बढ़ाने के लिये एक उच्च स्तरीय अंतर-सरकारी निकाय है जिसकी स्थापना 1996 में ओटावा घोषणा से हुई। अत: कथन 1 सही है।
  - इस परिषद में सदस्य राज्य के रूप में आठ परिध्रुवीय देश शामिल हैं और इसे आर्कटिक पर्यावरण की रक्षा करने तथा देशज लोगों (जिनके संगठन परिषद में स्थायी भागीदार हैं) की अर्थव्यवस्था एवं सामाजिक और सांस्कृतिक कल्याण को प्रोन्नत करने का अधिदेश प्राप्त है।
- परिषद में सदस्य, तदर्थ पर्यवेक्षक देश और 'स्थायी भागीदार' शामिल हैं।
  - आर्कटिक परिषद के सदस्य: ओटावा घोषणा के अनुसार कनाडा, डेन्मार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे, रूसी संघ, स्वीडन तथा अमेरिका आर्कटिक के सदस्य देश हैं।
  - स्थायी भागीदार: 1998 में स्थायी भागीदारों की संख्या दुगुनी होकर वर्तमान में छह हो गई क्योंकि अल्यूट इंटरनेशनल एसोशिएशन (AIA), और उसके बाद वर्ष 2000 में आर्कटिक अथबास्कान काउंसिल (AAC) व ग्विच्स'इन काउंसिल इंटरनेशनल (GGI) को स्थायी सदस्य नियुक्त किया गया।
  - पर्यवेक्षक दर्जा: यह उन गैर-आर्कटिक देशों के साथ-साथ अंतर-सरकारी, अंतर-संसदीय, वैश्विक, क्षेत्रीय तथा गैर क्षेत्रीय संगठनों के लिये खुला है, जिन्हें परिषद चुनती है और ये इसके कार्यों में योगदान कर सकते हैं। इसकी स्वीकृति परिषद द्वारा मंत्रिस्तरीय बैठक में दी जाती है जो प्रत्येक दो वर्षों में होती है। अत: कथन 2 सही है।
    - जर्मनी, 1998
    - नीदरलैंड, 1998
    - पोलैंड, 1998
    - यूनाइटेड किंगडम, 1998
    - फ्राँस, 2000

नोट :

- स्पेन, 2006
- चीन, 2013
- भारत, 2013
- इटली, 2013
- जापान, 2013
- दक्षिण कोरिया, 2013
- सिंगापुर, 2013
- स्विट्ज़रलैंड, 2017

16. उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत के संविधान का पहली बार ओल चिकी लिपि (Ol Chiki Script) में अनुवाद किया गया है।
- ओल चिकी लिपि (Ol Chiki Script) जिसे ओल चेमेट (Ol Chemet), ओल सिकी (Ol Ciki), ओल (Ol) और कभी-कभी संथाली वर्णमाला के रूप में भी जाना जाता है, संथाली के लिये आधिकारिक लेखन प्रणाली तथा भारत में एक आधिकारिक क्षेत्रीय भाषा के रूप में मान्यता प्राप्त ऑस्ट्रोएशियाटिक भाषा है।
- वर्ष 2003 में 92वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा संथाली को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में बोडो, डोगरी और मैथिली भाषाओं के साथ भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। अत: विकल्प B सही है।

17. उत्तर: B

व्याख्या:

- रूस कच्चे तेल और तेल उत्पादों का दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक है, जिसने दिसंबर 2021 में 7.8 mb/d तेल की शिपिंग की थी और साथ ही यह सऊदी अरब के बाद दुनिया में कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्त्ता भी है। अत: कथन 1 सही है।
- भारत, अमेरिका और चीन के बाद 5.5 मिलियन बैरल प्रतिदिन के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - देश में तेल की मांग प्रतिवर्ष 3-4% की दर से बढ़ रही है।
  - इस अनुमान के अनुसार एक दशक में भारत प्रतिदिन लगभग 70 लाख बैरल की खपत कर सकता है।
  - भारत अपना 85% तेल लगभग 40 देशों से आयात करता है, जिनमें से अधिकांश मध्य-पूर्व और अमेरिका से आता है।
  - रूस से भारत अपनी आपूर्ति का 2% आयात करता है, जिसमें तेल भी शामिल है जिसे वह शोधन के बाद पेट्रोलियम उत्पादों में परिवर्तित करता है। अत: रूसी तेल ने नहीं बल्कि सामान्य रूप से तेल और इसकी बढ़ती कीमतों ने भारत को चिंतित किया है।
- ब्रेंट क्रूड ऑयल शेटलैंड द्वीप समूह और नॉर्वे के मध्य स्थित उत्तरी सागर तेल क्षेत्रों से निकलता है, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (WTI) को मुख्य रूप से टेक्सास, लुइसियाना और नॉर्थ डकोटा में अमेरिकी तेल क्षेत्रों से प्राप्त किया जाता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

18. उत्तर: B

व्याख्या:

- संविधान की आठवीं अनुसूची में भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषाओं को सूचीबद्ध किया गया है। भारतीय संविधान के भाग XVII में अनुच्छेद 343 से 351 तक शामिल अनुच्छेद आधिकारिक भाषाओं से संबंधित हैं। अत: कथन 1 सही है।
- आठवीं अनुसूची से संबंधित संवैधानिक प्रावधान इस प्रकार हैं:
  - अनुच्छेद 344: अनुच्छेद 344(1) संविधान के प्रारंभ से पाँच वर्ष की समाप्ति पर राष्ट्रपति द्वारा एक आयोग के गठन का प्रावधान करता है।
  - अनुच्छेद 351: यह हिंदी भाषा का विकास करने हेतु इसके प्रसार का प्रावधान करता है ताकि यह भारत की मिश्रित संस्कृति के सभी घटकों के लिये अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में काम कर सके।

- हालाँकि यह ध्यान देने योग्य है कि किसी भी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिये कोई निश्चित मानदंड निर्धारित नहीं है। अत: कथन 3 सही है।
- आधिकारिक भाषाएँ:
  - संविधान की आठवीं अनुसूची में निम्नलिखित 22 भाषाएँ शामिल हैं:
    - असमिया, बांग्ला, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओडिया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगू, उर्दू, बोडो, संथाली, मैथिली और डोगरी।
  - इन भाषाओं में से 14 भाषाओं को संविधान के प्रारंभ में ही शामिल कर लिया गया था।
  - वर्ष 1967 में सिंधी भाषा को 21वें सविधान संशोधन अधिनियम द्वारा आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था।
  - वर्ष 1992 में 71वें संशोधन अधिनियम द्वारा कोंकणी, मणिपुरी और नेपाली को शामिल किया गया। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - वर्ष 2003 में 92वें सविधान संशोधन अधिनियम जो कि वर्ष 2004 से प्रभावी हुआ, द्वारा बोडो, डोगरी, मैथिली और संथाली को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया।

19. उत्तर: B

व्याख्या:

मोज़ाम्बिक चैनल:

- मोज़ाम्बिक चैनल पश्चिमी हिंद महासागर (WIO) उप-क्षेत्र का हिस्सा है। चैनल की सीमाएँ अभी तक परिभाषित नहीं हैं और स्रोत के आधार पर भिन्न हो सकती हैं।
- हालाँकि अंतर्राष्ट्रीय जल सर्वेक्षण संगठन के अनुसार, चैनल की उत्तरी सीमा रोवुमा नदी के मुहाने को रास हाबू से जोड़ने वाली एक रेखा है। कोमोरोस द्वीप समूह पर इले ग्रांडे कोमोर, सबसे उत्तरी बिंदु है।
- पूर्वी सीमा मेडागास्कर के पश्चिमी तट पर है, जबकि दक्षिणी सीमा कैप सैंट-मैरी से पोंटो डू ऑरो को जोड़ने वाली एक रेखा है। पश्चिमी सीमा दक्षिणी अफ्रीकी तट पर है।
- मोज़ाम्बिक चैनल पाँच देशों, अर्थात् तंज़ानिया, मेडागास्कर, कोमोरोस, मोज़ाम्बिक और फ्राँस (अपने क्षेत्रों के माध्यम से) के साथ भूमि सीमा साझा करता है। अत: विकल्प B सही है।

20. उत्तर: B

व्याख्या:

- राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (NPPA) आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (NLEM) के तहत सूचीबद्ध दवाओं और उपकरणों की कीमतों में 10% से अधिक की वृद्धि की अनुमति दे सकता है।
- 'राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण' का गठन वर्ष 1997 में भारत सरकार द्वारा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के तहत औषधि विभाग (DoP) के एक संलग्न कार्यालय के तौर पर दवाओं के मूल्य निर्धारण हेतु स्वतंत्र नियामक के रूप में और सस्ती कीमतों पर दवाओं की उपलब्धता एवं पहुँच सुनिश्चित करने हेतु किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसे ड्रग्स (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 1995-2013 (DPCO) के तहत नियंत्रित थोक दवाओं एवं फॉर्मूलेशन की कीमतों को तय/संशोधित करने तथा देश में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु बनाया गया था। अत: कथन 2 सही है।
  - एक बल्क ड्रग (Bulk drug) जिसे एपीआई (Active Pharmaceutical Ingredient- API) भी कहा जाता है, यह एक दवा के रूप में रासायनिक अणु हैं जो उत्पाद को आवश्यक चिकित्सीय गुण प्रदान करते हैं।

21. उत्तर: D

व्याख्या:

- वर्ष 1931 की जनगणना के अनुसार, अनुसूचित जनजातियों को 'बहिर्वेशित' और 'आंशिक रूप से बहिर्वेशित' क्षेत्रों में 'पिछड़ी जनजातियों' के रूप में जाना जाता है। वर्ष 1935 के भारत सरकार अधिनियम के तहत पहली बार 'पिछड़ी जनजातियों' के प्रतिनिधियों को प्रांतीय विधानसभाओं में आमंत्रित किया गया।

नोट :

- संविधान अनुसूचित जनजातियों की मान्यता के मानदंडों को परिभाषित नहीं करता है और इसलिये वर्ष 1931 की जनगणना में निहित परिभाषा का उपयोग स्वतंत्रता के बाद के आरंभिक वर्षों में किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- हालाँकि संविधान का अनुच्छेद 366(25) अनुसूचित जनजातियों को परिभाषित करने के लिये प्रक्रिया निर्धारित करता है: "अनुसूचित जनजातियों का अर्थ ऐसी जनजातियों या जनजातीय समुदायों के अंदर कुछ वर्गों या समूहों से है, जिन्हें इस संविधान के उद्देश्यों के लिये अनुच्छेद 342 के तहत अनुसूचित जनजाति माना जाता है।"
    - 342(1): राष्ट्रपति किसी भी राज्य या केंद्रशासित प्रदेश के संबंध में तथा जहाँ यह एक राज्य है, वहाँ के राज्यपाल के परामर्श के बाद एक सार्वजनिक अधिसूचना द्वारा उस राज्य या केंद्रशासित प्रदेश के संबंध में जनजातियों या जनजातीय समुदायों या जनजातियों या जनजातीय समुदायों के समूहों को अनुसूचित जनजाति के रूप में निर्दिष्ट कर सकता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- अब तक लगभग 705 से अधिक जनजातियाँ ऐसी हैं जिन्हें अधिसूचित किया गया है। सबसे अधिक संख्या में आदिवासी समुदाय ओडिशा में पाए जाते हैं।

22. उत्तर: B

व्याख्या:

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (NCST):

- राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (NCST) की स्थापना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 338 में संशोधन करके और संविधान (89वाँ संशोधन) अधिनियम, 2003 द्वारा संविधान में एक नया अनुच्छेद 338A सम्मिलित कर की गई थी, इस प्रकार यह एक संवैधानिक निकाय है। अत: कथन 1 सही नहीं है, जबकि कथन 2 सही है।
- अनुच्छेद 338A अन्य बातों के साथ-साथ NCST को संविधान के तहत या किसी अन्य कानून के तहत या सरकार को किसी अन्य आदेश के तहत STs को प्रदान किये गए विभिन्न सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन की निगरानी करने और ऐसे सुरक्षा उपायों के कामकाज का मूल्यांकन करने की शक्ति प्रदान करता है।
- इसमें एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और 3 अन्य सदस्य होते हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।
    - सदस्यों में कम-से-कम एक सदस्य महिला होनी चाहिये।
    - कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और NCST के सदस्यों का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से लेकर तीन वर्ष तक का होता है।
    - सदस्य दो से अधिक कार्यकाल के लिये नियुक्ति के पात्र नहीं होते हैं।

23. उत्तर: C

व्याख्या:

जापान के साथ हाल के समझौता ज्ञापन:

- जापान द्वारा भारत में अगले पाँच वर्षों में 3.2 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।
- जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (Japan International Cooperation Agency- JICA) द्वारा विभिन्न राज्यों में कनेक्टिविटी, जल आपूर्ति और सीवरेज, बागवानी, स्वास्थ्य देखभाल तथा जैव विविधता संरक्षण परियोजनाओं हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।
    - जापानी कंपनियों द्वारा विकेंद्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार हेतु भारत में जोहकासौ प्रौद्योगिकी (Johkasou technology) शुरू करने के लिये एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए हैं। इसका उपयोग उन क्षेत्रों में किया जाता है जहाँ सीवेज का बुनियादी ढाँचा विकसित नहीं हुआ है। अत: कथन 1 सही है।

धर्म गार्जियन :

- अभ्यास धर्म गार्जियन 2022 एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जो वर्ष 2018 से भारत में आयोजित किया जा रहा है। अत: कथन 2 सही है।
- इस अभ्यास के दायरे में जंगल और अर्द्ध-शहरी/शहरी क्षेत्रों में संचालित प्लाटून स्तर का संयुक्त प्रशिक्षण शामिल है।
- संयुक्त सैन्य अभ्यास दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंधों को भी बेहतर करेगा।

24. उत्तर: C

व्याख्या:

राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जैव विविधता पर संधि (BBNJ)

- "BBNJ संधि", जिसे "उच्च समुद्री संधि" के रूप में भी जाना जाता है, वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र में वार्ता के तहत राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे क्षेत्रों की समुद्री जैविक विविधता के संरक्षण और सतत् उपयोग पर एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है। अत: कथन 1 सही है।
- यह नया उपकरण संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (UNCLOS),1982 के ढाँचे के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है, जो समुद्र में मानव गतिविधियों को नियंत्रित करने वाला मुख्य अंतर्राष्ट्रीय समझौता है। अत: कथन 2 सही है।
- यह उच्च समुद्री गतिविधियों का अधिक समग्रता के साथ प्रबंधन करेगा, जिससे समुद्री संसाधनों के संरक्षण और सतत् उपयोग के बीच बेहतर संतुलन स्थापित किया जा सकेगा।
- BBNJ विशेष आर्थिक क्षेत्रों या देशों के राष्ट्रीय जल क्षेत्र से परे उच्च समुद्रों को शामिल करती है।
  - इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) के अनुसार, इन क्षेत्रों में "पृथ्वी की सतह का लगभग आधा हिस्सा" मौजूद है।
  - इन क्षेत्रों को शायद ही जैव विविधता के लिये विनियमित और विस्तृत किया जाता है, इनमें सिर्फ 1% क्षेत्र का ही संरक्षण किया जाता हैं।
- फरवरी 2022 में शुरू किया गया वन ओशन समिट राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जैव विविधता के उच्चतम स्तर पर महत्त्वाकांक्षी परिणाम तथा BBNJ वार्ता में शामिल कई प्रतिनिधिमंडलों को एक साथ लाता है।

25. उत्तर:A

व्याख्या:

- मार्शल प्लान एक यू.एस. प्रायोजित कार्यक्रम था जिसे 17 पश्चिमी और दक्षिणी यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्थाओं के पुनर्वास के लिये डिज़ाइन किया गया था ताकि स्थिर परिस्थितियों का निर्माण किया जा सके जिसमें द्वितीय विश्व युद्ध के बाद लोकतांत्रिक संस्थान जीवित रह सकें। अत: विकल्प A सही है।

26. उत्तर: A

व्याख्या:

भारतीय नागरिक उड्डयन बाज़ार:

- भारत का नागरिक उड्डयन विश्व स्तर पर सबसे तेज़ी से बढ़ते विमानन बाज़ारों में से एक है और यह वर्ष 2024 तक भारत को 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का एक प्रमुख विकास इंजन होगा।
  - घरेलू हवाई यात्री यातायात का तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाज़ार जो वित्त वर्ष 2015 में 274.05 मिलियन था। यह वित्तीय वर्ष 2016-2020 के दौरान 12.91% (लगभग 13%) की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (CAGR) से बढ़ा। अत: कथन 1 सही है।
- भारत में नागरिक उड्डयन के 75 वर्षों में 75 हवाई अड्डे खोले गए, जबकि उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) के तत्त्वावधान में 3 वर्षों के भीतर 76 अनारक्षित/20 कम सेवा वाले हवाई अड्डों, 31 हेलीपोर्ट और 10 वाटर एयरोड्रोम को कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिये काम शुरू किया गया है।
- ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं और रखरखाव, मरम्मत सेवाओं (MRO) तथा ग्रीन एंड ब्राउनफील्ड दोनों परियोजनाओं के लिये स्वचालित मार्ग के तहत 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - भारतीय नागरिक उड्डयन MRO बाज़ार वर्तमान में लगभग 900 मिलियन अमेरिकी डॉलर का है और वर्ष 2025 तक लगभग 14-15% CAGR से बढ़कर 4.33 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने का अनुमान है।

27. उत्तर: D

व्याख्या:

- विश्व जल दिवस का उद्देश्य सतत् विकास लक्ष्य 6: 'वर्ष 2030 तक सभी के लिये पानी और स्वच्छता' के लक्ष्य का समर्थन करना है। अत: कथन 3 सही है।
  - थीम: भूजल: अदृश्य को दृश्यमान बनाना।

नोट :

- इस विषय को यूएन-वाटर ने रोम में अपनी 30वीं बैठक में तय किया था। यह अंतर्राष्ट्रीय भूजल संसाधन आकलन केंद्र (IGRAC) द्वारा प्रस्तावित किया गया था।
- इस अंतर्राष्ट्रीय दिवस का विचार सर्वप्रथम वर्ष 1992 में प्रस्तुत किया गया था, ज्ञात हो कि इसी वर्ष रियो डी जनेरियो में पर्यावरण एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का भी आयोजन किया गया था।
- वर्ष 1992 में ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव अपनाया, जिसके द्वारा प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाने की घोषणा की गई।
- बाद में अन्य समारोहों और कार्यक्रमों को जोड़ा गया। उदाहरण के लिये जल क्षेत्र में सहयोग का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष 2013 और सतत् विकास हेतु जल संबंधी कार्रवाई के लिये वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय दशक- 2018-2028। अत: कथन 1 सही है।
- एशिया-प्रशांत क्षेत्र दुनिया का सबसे बड़ा भूजल क्षेत्र है, इसमें 10 देश शामिल हैं जिनमें से 7 देशों (बांग्लादेश, चीन, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, पाकिस्तान और तुर्की) द्वारा सबसे अधिक भूजल का दोहन किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।

28. उत्तर: C

व्याख्या:

- पारा पर मिनामाता कन्वेंशन मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को पारे तथा इसके यौगिकों के प्रतिकूल प्रभावों से बचाने के लिये एक वैश्विक संधि है।
  - वर्ष 2013 में जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में अंतर-सरकारी वार्ता समिति के पाँचवें सत्र में इस पर सहमति प्रदान की गई थी।
- अपने पूरे जीवनचक्र में पारे के दुष्प्रभावो को नियंत्रित करना कन्वेंशन के प्रमुख दायित्वों में से एक है।
  - कन्वेंशन पारा के अंतरिम भंडारण तथा इसके अपशिष्ट के निपटान व दूषित स्थलों के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों को भी संबोधित करता है।
- कन्वेंशन में पारा के जीवन चक्र के सभी पहलुओं को शामिल किया गया है, जो उत्पादों, प्रक्रियाओं और उद्योगों की श्रृंखला में पारा को नियंत्रित व इसमें कमी करता है। इसमें निम्नलिखित पर नियंत्रण शामिल है:
  - पारा खनन।
  - पारा और पारा से संबंधित उत्पादों का निर्माण और व्यापार।
  - पारायुक्त कचरे का निपटान।
  - उद्योगो में पारे का उत्सर्जन।
- जिन देशों ने कन्वेंशन की पुष्टि की है, उन्हें इन नियंत्रणों को लागू करना अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत बाध्यकरी है।
  - भारत ने भी कन्वेंशन की पुष्टि की है। अत: विकल्प C सही है।

29. उत्तर: A

व्याख्या:

विश्व गौरैया दिवस:

- परिचय:
  - प्रत्येक वर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य गौरैया के बारे में जागरूकता बढ़ाना और घरेलू गौरैया का संरक्षण सुनिश्चित करना है। अत: कथन 1 सही है।
  - द नेचर फॉरएवर सोसाइटी ऑफ इंडिया एवं फ्राँस के इको-एसआईएस एक्शन फाउंडेशन द्वारा विश्व गौरैया दिवस मनाने का विचार रखा गया था।
  - इसमें कहा गया था कि घरेलू गौरैया के लिये एक दिन समर्पित किया जाए ताकि उसकी सुरक्षा के बारे में प्रचार किया जा सके।
  - पहला विश्व गौरैया दिवस वर्ष 2010 में मनाया गया था।
- गौरैया की विशेषताएँ:
- घरेलू गौरैया (पासर डोमेस्टिकस) शायद दुनिया में सबसे व्यापक और सामान्य तौर पर देखा जाने वाला जंगली पक्षी है।

- इसे यूरोपीय लोगों द्वारा दुनिया भर में पहुँचाया गया और अब इसे न्यूज़ीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, उत्तरी अमेरिका, भारत तथा यूरोप सहित दुनिया के दो-तिहाई भूभाग पर देखा जा सकता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह केवल चीन, इंडो-चीन, जापान एवं साइबेरिया और पूर्वी व उष्णकटिबंधीय अफ्रीका आदि क्षेत्रों में अनुपस्थित है।

30. उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में राजस्थान के भरतपुर ज़िले के 'केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान' में अफ्रीका की 'बोमा तकनीक' का प्रयोग किया गया। अत: कथन 1 सही है।
  - इसका प्रयोग चीतल या चित्तीदार हिरणों को पकड़ने और उन्हें मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व में पहुँचाने के लिये किया गया था, ताकि शिकार के आधार में सुधार किया जा सके।
- बोमा कैप्चरिंग तकनीक अफ्रीका में काफी लोकप्रिय है।
- इसमें फनल जैसी बाड़ के माध्यम से जानवरों का पीछा करके उन्हें एक बाड़े में में पहुँचाया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- यह फनल एक पशु चयन-सह-लोडिंग संरचना का रूप ले लेता है और इसे जानवरों के लिये अपारदर्शी बनाने के लिये घास की चटाई और हरे रंग के जाल से ढका जाता है, इसमें जानवरों को दूसरे स्थान पर उनके परिवहन के लिये एक बड़े वाहन में रखा जाता है।
- इस पुरानी तकनीक का उपयोग पहले जंगली हाथियों को पकड़ने हेतु प्रशिक्षण और सेवा के लिये किया जाता था।

31. उत्तर: B

व्याख्या

- हाल ही में विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट-2021 जारी की गई, रिपोर्ट में वर्ष 2021 की वैश्विक वायु गुणवत्ता स्थिति का अवलोकन प्रस्तुत किया गया।
- यह रिपोर्ट स्विस वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी 'IQAir' द्वारा जारी की गई है। अत: कथन 1 सही है।
- यह रिपोर्ट पार्टिकुलेट मैटर (PM) 2.5 की सांद्रता के आधार पर वायु गुणवत्ता के स्तर को मापता है। अत: कथन 2 सही है।
  - IQAir सरकारों, शोधकर्त्ताओं, गैर-सरकारी संगठनों, कंपनियों और नागरिकों को शामिल करने, शिक्षित करने और प्रेरित करने का प्रयास करता है ताकि वायु गुणवत्ता में सुधार और स्वस्थ समुदायों और शहरों का निर्माण किया जा सके।
- भारतीय परिदृश्य:
  - वायु गुणवत्ता में सुधार के तीन साल के रुझान के बाद भारत का वार्षिक औसत PM 2.5 स्तर वर्ष 2021 में 58.1 $\mu g/m^3$ (माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) तक पहुँच गया था। जो वर्ष 2019 में मापी गई पूर्व-संगरोध सांद्रता के स्तर के बराबर आ गया था।
  - वर्ष 2021 में मध्य और दक्षिण एशिया के 15 सबसे प्रदूषित शहरों में से 11 शहर भारत के थे।
  - वर्ष 2021 में मुंबई ने PM 2.5 का वार्षिक औसत 46.4 माइक्रोग्राम / क्यूबिक मीटर दर्ज किया जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की सीमा से लगभग नौ गुना अधिक था।

32. उत्तर: C

व्याख्या

भगत सिंह:

- भगत सिंह का जन्म 26 सितंबर, 1907 में हुआ तथा इनका पालन पोषण पंजाब के दोआब क्षेत्र में स्थित जालंधर ज़िले में संधू जाट किसान परिवार में हुआ।
- वर्ष 1923 में भगत सिंह ने नेशनल कॉलेज, लाहौर में प्रवेश लिया, जिसकी स्थापना और प्रबंधन लाला लाजपत राय एवं भाई परमानंद ने किया था।
- वर्ष 1925 में भगत सिंह लाहौर लौट आए और अगले एक वर्ष के भीतर उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर 'नौजवान भारत सभा' नामक एक उग्रवादी युवा संगठन का गठन किया। अत: कथन 2 सही है।

- अप्रैल 1926 में भगत सिंह ने सोहन सिंह जोश के साथ संपर्क स्थापित किया तथा उनके साथ मिलकर 'श्रमिक और किसान पार्टी' की स्थापना की, जिसने पंजाबी में एक मासिक पत्रिका कीर्ति का प्रकाशन किया।
- वर्ष 1928 में भगत सिंह ने हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन का नाम बदलकर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन (HSRA) कर दिया। वर्ष 1930 में जब आज़ाद को गोली मारी गई, तो उनके साथ ही HSRA भी समाप्त हो गया। अत: कथन 1 सही है।
  - नौजवान भारत सभा ने पंजाब में HSRA का स्थान ले लिया।

33. उत्तर: B

व्याख्या:

'दुस्तलिक' सैन्य अभ्यास:

- भारतीय और उज़्बेकिस्तान सेनाओं के बीच संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास- 'दुस्तलिक' (DUSTLIK) का तीसरा संस्करण 22 मार्च से 31 मार्च 2022 तक यांगियारिक (उज़्बेकिस्तान) में आयोजित किया जा रहा है।
- यह अभ्यास संयुक्त राष्ट्र के जनादेश के तहत अर्द्ध-शहरी इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों पर केंद्रित होगा।
- भारत की ओर से 'ग्रेनेडियर्स बटालियन' को इस अभ्यास के लिये नामित किया गया है। यह बटालियन भारतीय सेना की अत्यधिक सुशोभित बटालियनों में से एक है।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य रूप से सामरिक स्तर के अभ्यासों को साझा करने और एक दूसरे के अभ्यासों को सीखने पर केंद्रित होगा।
  - दुस्तलिक (DUSTLIK) का अंतिम संस्करण मार्च 2021 में रानीखेत (उत्तराखंड) में आयोजित किया गया था। अत: विकल्प B सही है।

34. उत्तर: A

व्याख्या:

- नासा के आर्टेमिस मिशन को चंद्र अन्वेषण की अगली पीढ़ी के रूप में जाना जाता है तथा इसका नाम ग्रीक पौराणिक कथाओं से अपोलो की जुड़वा बहन के नाम पर रखा गया है।
  - यह जटिल मिशनों की शृंखला में पहला है जो चंद्रमा तथा मंगल पर मानव के अन्वेषण को सक्षम बनाएगा।
- आर्टेमिस चंद्रमा अन्वेषण कार्यक्रम (Artemis Lunar Exploration Program) के माध्यम से NASA वर्ष 2024 तक पहली महिला और पहले पुरुष को चंद्रमा पर भेजने की योजना बना रहा है। अत: विकल्प A सही है।

35. उत्तर: A

व्याख्या:

- वर्ष 1882 में डॉ. रॉबर्ट कोच ने एक माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस (जो एक क्षय रोग का कारक है) की खोज की तथा उनकी इस खोज ने ही क्षय रोग जैसी बिमारियों के निदान और इलाज़ का रास्ता खोल दिया।
  - कुछ माइकोबैक्टीरिया मनुष्यों में टीबी और कुष्ठ रोग का कारण बनते हैं तथा अन्य काफी व्यापक स्तर पर जानवरों को संक्रमित करते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- वर्तमान में बेसिल कैलमेट-गुएरिन (BCG) टीका टीबी की रोकथाम के लिये उपलब्ध एकमात्र टीका है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

36. उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत में नगर निगम दस लाख से अधिक लोगों की आबादी वाले किसी भी महानगर/शहर के विकास के लिये ज़िम्मेदार एक शहरी स्थानीय निकाय है।
- महानगर पालिका, नगर पालिका, नगर निगम, सिटी कारपोरेशन आदि इसके कुछ अन्य नाम हैं।
- राज्यों में नगर निगमों की स्थापना राज्य विधानसभाओं के अधिनियमों द्वारा तथा केंद्रशासित प्रदेशों में संसद के अधिनियमों के माध्यम से की जाती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- नगरपालिका अपने कार्यों के संचालन के लिये संपत्ति कर राजस्व पर अधिक निर्भर रहती है।
- भारत में पहला नगर निगम वर्ष 1688 में मद्रास में स्थापित किया गया तथा उसके बाद वर्ष 1726 में बॉम्बे और कलकत्ता में नगर निगम स्थापित किये गए। अत: कथन 2 सही है।
- भारत के संविधान में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों में अनुच्छेद-40 को शामिल करने के अलावा स्थानीय स्वशासन की स्थापना के लिये कोई विशिष्ट प्रावधान नहीं किया गया था।
  - 74वें संशोधन अधिनियम, 1992 ने संविधान में एक नया भाग IX-A सम्मिलित किया है, जो नगर पालिकाओं और नगर पालिकाओं के प्रशासन से संबंधित है।
  - इसमें अनुच्छेद 243P से 243ZG शामिल हैं। इसने संविधान में एक नई 12वीं अनुसूची भी जोड़ी। 12वीं अनुसूची में 18 मद शामिल हैं।
  - भारतीय संविधान की 12वीं अनुसूची नगर पालिकाओं की शक्तियों, अधिकारों और उत्तर्दयित्वों  को निर्दिष्ट करती है। अत: कथन 3 सही है।

37. उत्तर: C

व्याख्या:

- लेड/सीसा, प्राकृतिक रूप से पाई जाने वाली एक ज़हरीली धातु है, जो पृथ्वी कि क्रस्ट में पाई जाती है। शरीर में लेड/सीसा मस्तिष्क, यकृत, गुर्दे और हड्डियों में वितरित होती है। यह दाँतों और हड्डियों में जमा हो जाता है, जहाँ यह लंबे समय तक मौजूद रहता है। अत: कथन 1 सही है।
  - मानव जोखिम का आकलन आमतौर पर रक्त में लेड/सीसे के माप के माध्यम से किया जाता है।
- गर्भावस्था के दौरान हड्डियों में मौजूद लेड/सीसा रक्त में पहुँच जाता है, जिससे विकासशील भ्रूण भी इसके संपर्क में आ जाता है।
- सीसा का कोई स्तर नहीं है जिसका कोई हानिकारक प्रभाव न हो। लेड के कारण होने वाली क्षति को रोका जा सकता है।
  - 6 वर्ष से कम आयु के बच्चे विशेष रूप से लेड/सीसा विषाक्तता की चपेट में आते हैं, जो उनके मानसिक और शारीरिक विकास को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। अत्यधिक लेड विषाक्तता मानव स्वास्थ्य के लिये घातक हो सकती है।
  - लेड के संपर्क में आने से एनीमिया, उच्च रक्तचाप, गुर्दे की दुर्बलता, इम्यूनोटॉक्सिसिटी और प्रजनन अंगों में विषाक्तता भी होती है। अत: कथन 3 सही है।
  - वैश्विक लेड खपत का तीन-चौथाई हिस्सा मोटर वाहनों के लिये लेड-एसिड बैटरी के निर्माण हेतु प्रयोग किया जाता है।
- लेड/सीसा विषाक्तता के कारण:
  - इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन (IHME) के अनुसार, वर्ष 2019 में स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभावों के कारण दुनिया भर में 900000 मौतें हुईं और स्वस्थ जीवन के 21.7 मिलियन वर्ष (विकलांगता-समायोजित जीवन वर्ष, या DALYs) का नुकसान हुआ।
  - इसका सबसे ज्यादा बोझ निम्न और मध्यम आय वाले देशों में देखा गया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।

38. उत्तर: C

व्याख्या:

राष्ट्रपति शासन:

- अनुच्छेद 356 के तहत केंद्र किसी राज्य में संवैधानिक तंत्र के विफल होने या व्यवधान/अवरोध की स्थिति उत्पन्न होने पर राज्य सरकार के कार्यों को अपने अधीन ले लेता है।
- इसे लोकप्रिय रूप से 'राष्ट्रपति शासन' के तौर पर जाना जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- 'राष्ट्रपति शासन लगाने का आधार: राष्ट्रपति शासन को अनुच्छेद 356 के तहत दो आधारों पर घोषित किया जा सकता है:
  - अनुच्छेद 356 राष्ट्रपति को राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा जारी करने का अधिकार देता है। यदि राज्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमें किसी राज्य की सरकार संविधान के प्रावधानों के अनुसार चलने में सक्षम न हो तो राष्ट्रपति अनुच्छेद 356 का उपयोग कर राष्ट्रपति शासन लगा सकता है।

- अनुच्छेद 365 के अनुसार, जब भी कोई राज्य केंद्र के किसी निर्देश का पालन करने या उसे लागू करने में विफल रहता है, तो राष्ट्रपति के लिये यह मानना वैध होगा कि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमें राज्य की सरकार संविधान के प्रावधान के अनुसार नहीं चल सकती है।
- संसदीय अनुमोदन और अवधि: राष्ट्रपति शासन लगाने की घोषणा को संसद के दोनों सदनों द्वारा इसके जारी होने की तारीख से दो महीने के भीतर अनुमोदित किया जाना चाहिये।
- राष्ट्रपति शासन के परिणाम: जब किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाता है तो राष्ट्रपति को निम्नलिखित असाधारण शक्तियाँ प्राप्त होती हैं:
  - वह राज्य सरकार के कार्यों और राज्यपाल या राज्य में किसी अन्य कार्यकारी प्राधिकरण में निहित शक्तियों को ले सकता है। अत: कथन 2 सही है।
  - वह घोषणा कर सकता है कि राज्य विधायिका की शक्तियों का प्रयोग संसद द्वारा किया जाना है।
  - वह राज्य में किसी भी निकाय या प्राधिकरण से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों के निलंबन सहित अन्य सभी आवश्यक कदम उठा सकता है।
- न्यायिक समीक्षा का दायरा: वर्ष 1975 के 38वें संशोधन अधिनियम ने अनुच्छेद 356 को अंतिम और निर्णायक रूप से लागू करने में राष्ट्रपति की संतुष्टि, जिसे किसी भी आधार पर किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जाएगी।
  - लेकिन इस प्रावधान को बाद में 1978 के 44वें संशोधन अधिनियम द्वारा हटा दिया गया था, जिसका अर्थ था कि राष्ट्रपति की संतुष्टि न्यायिक समीक्षा से परे नहीं है।

39. उत्तर: B

व्याख्या:

H2Ooooh! पहल

- इसे यूनेस्को द्वारा जुलाई 2021 में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) और अन्य के साथ संयुक्त रूप से लॉन्च किया गया था।
- H2Ooooh! कक्षा 1 से 8 तक के भारतीय स्कूली छात्रों के लिये तैयार किया गया एक अनूठा कार्यक्रम है।
- इसका उद्देश्य पानी की सीमित उपलब्धता, सतत् उपयोग, संरक्षण और दोहन आदि के विषय में जागरूकता बढ़ाना है।
- यह पर्यावरण की सुरक्षा हेतु छात्रों को अपने स्वयं के अनुभव और प्रस्तावों को साझा करने में सक्षम बनाता है।
- तीन चरणों में विभाजित इस परियोजना का उद्देश्य रचनात्मकता को बढ़ावा देना और 6-14 वर्ष की आयु वाले छात्रों के बीच जल संरक्षण एवं इसके सतत् उपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना, प्रशिक्षण प्रदान करना तथा उन्हें एनिमेटेड लघु फिल्मों, पेंटिंग व कहानी के विचार प्रस्तुत करने हेतु प्रोत्साहित करना है।
  - इसकी शुरुआत के बाद से 18 भारतीय राज्यों के 53 स्कूलों के लगभग 31000 छात्र 400 से अधिक शिक्षकों के समर्थन से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। अत: विकल्प B सही है।

40. उत्तर: C

व्याख्या:

- आपातकालीन प्रावधान संविधान के भाग XVIII में शामिल अनुच्छेद 352 से अनुच्छेद 360 तक में निहित हैं। अत: कथन 1 सही है।
- संविधान तीन प्रकार की आपात स्थितियों को निर्धारित करता है:
  - राष्ट्रीय आपातकाल
  - संवैधानिक आपातकाल
  - वित्तीय आपातकाल
- भारतीय संविधान में आपातकालीन प्रावधान भारत सरकार अधिनियम 1935 से लिये गए हैं।
  - हालाँकि आपातकाल के दौरान मौलिक अधिकारों का निलंबन वीमर (जर्मन) संविधान से लिया गया है। अत: कथन 2 सही है।

41. उत्तर: A

व्याख्या:

- सल्तनत ऑफ ओमान (ओमान), खाड़ी देशों में भारत का रणनीतिक साझेदार है और खाड़ी सहयोग परिषद (Gulf Cooperation Council- GCC), अरब लीग तथा हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (Indian Ocean Rim Association- IORA) के लिये एक महत्त्वपूर्ण वार्ताकार है।

भारत के लिये ओमान का सामरिक महत्त्व:

- ओमान होर्मुज़ जलडमरूमध्य के प्रवेश द्वार पर है, जिसके माध्यम से भारत अपने तेल आयात के पाँचवें हिस्से का आयात करता है।
- भारत-ओमान रणनीतिक साझेदारी की मज़बूती के लिये रक्षा सहयोग एक प्रमुख स्तंभ के रूप में उभरा है। दोनों देशों के बीच रक्षा आदान-प्रदान एक 'समझौता ज्ञापन' फ्रेमवर्क द्वारा निर्देशित होते हैं जिसे हाल ही में वर्ष 2021 में नवीनीकृत किया गया था।
- ओमान, खाड़ी क्षेत्र का एकमात्र ऐसा देश है, जिसके साथ भारतीय सशस्त्र बलों की तीनों सेनाएँ नियमित रूप से द्विपक्षीय अभ्यास और स्टाफ वार्ता आयोजित करती हैं, जिससे पेशेवर स्तर पर घनिष्ठ सहयोग और विश्वास को बल मिलता है।
- ओमान 'हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी' (IONS) में भी सक्रिय रूप से भाग लेता है।
- हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने हेतु एक रणनीतिक कदम के रूप में भारत ने सैन्य उपयोग और रसद समर्थन हेतु ओमान में दुकम के प्रमुख बंदरगाह तक पहुँच हासिल कर ली है। यह इस क्षेत्र में चीन के प्रभाव एवं गतिविधियों का मुकाबला करने हेतु भारत की समुद्री रणनीति का हिस्सा है।
  - दुकम बंदरगाह ओमान के दक्षिण-पूर्वी समुद्र तट पर स्थित है।
  - यह रणनीतिक रूप से ईरान में चाबहार बंदरगाह के निकट स्थित है। मॉरीशस में सेशेल्स और अगालेगा में विकसित किये जा रहे 'अज़म्पशन द्वीप' के साथ दुकम भारत के सक्रिय समुद्री सुरक्षा रोडमैप में सही बैठता है। अत: विकल्प A सही है।

42. उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने एक फैसले में कहा है कि एक राज्य विधायिका को अपने अधिकार क्षेत्र में अन्य राज्यों द्वारा आयोजित लॉटरी पर कर लगाने का अधिकार है। अत: कथन 1 सही है।
- न्यायालय ने पाया कि 'लॉटरी' एक 'जुआ गतिविधि' है।
  - 'सट्टेबाज़ी और जुआ' संविधान की सातवीं अनुसूची में राज्य सूची का विषय है।
  - ऐसे में राज्य सरकार को उन सभी गतिविधियों पर कर अधिरोपित करने की शक्ति प्राप्त है, जो लॉटरी सहित 'सट्टेबाज़ी और जुए' की प्रकृति की हैं।
  - सट्टेबाज़ी और जुआ एक प्रकार की व्यापक श्रेणी है जिसमें घुड़दौड़, व्हीलिंग व अन्य स्थानीय सट्टेबाज़ी एवं जुआ से संबंधित गतिविधियाँ शामिल हैं।
- अदालत ने कहा कि चूँकि इस बात पर कोई विवाद नहीं है कि लॉटरी भारत सरकार या राज्य सरकार या राज्य द्वारा अधिकृत है या राज्य सरकार या केंद्र सरकार की किसी एजेंसी या संस्था या किसी निजी अभिकर्त्ता द्वारा संचालित व आयोजित 'सट्टा और जुआ' है तथा राज्य विधानसभाओं के पास राज्य सूची की प्रविष्टि 62 के तहत लॉटरी पर कर लगाने का अधिकार है। अत: कथन 2 सही है।
  - उक्त प्रविष्टि के तहत कराधान में सट्टेबाज़ी और जुआ जैसी गतिविधियों को शामिल किया जाता है जिसमें लॉटरी भी शामिल है, भले ही इनका संचालन किसी भी संस्था द्वारा किया जाता हो।
- वर्ष 2020 में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि लॉटरी, जुआ और सट्टेबाज़ी 'वस्तु एवं सेवा कर' (GST) अधिनियम, 2017 के तहत कर योग्य है। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

43. उत्तर: A

व्याख्या:

निर्यात तत्परता सूचकांक (EPI):

- EPI चुनौतियों और अवसरों की पहचान करता है , सरकारी नीतियों की प्रभावशीलता को बढ़ाता है तथा निर्यात के लिये एक सुविधाजनक नियामक ढाँचे को प्रोत्साहित करता है। अत: कथन 1 सही है।
- EPI उप-राष्ट्रीय स्तर (राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों) पर निर्यात को बढ़ावा देने के लिये महत्त्वपूर्ण मुख्य क्षेत्रों की पहचान करने हेतु डेटा-संचालन का प्रयास है।
  - यह एकमात्र आउटपुट-आधारित पैरामीटर है जो राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की निर्यात गतिविधियों की जाँच करता है। अत: कथन 2 सही है।
- यह नीति आयोग द्वारा जारी किया जाता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

44. उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत में आपराधिक कानूनों का संहिताकरण (Codification) ब्रिटिश शासन के दौरान किया गया था जो कमोबेश 21वीं सदी में भी उसी तरह ही है।
- लॉर्ड थॉमस बबिंगटन मैकाले (Lord Thomas Babington Macaulay) को भारत में आपराधिक कानूनों के संहिताकरण का मुख्य वास्तुकार कहा जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारत में आपराधिक कानून भारतीय दंड संहिता, 1860 (Indian Penal Code, 1860), आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 (Code of Criminal Procedure, 1973) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 (Indian Evidence Act, 1872) आदि के तहत संचालित होते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- आपराधिक कानून को राज्य एवं उसके नागरिकों के बीच संबंधों की सबसे स्पष्ट अभिव्यक्ति माना जाता है।

45. उत्तर: B

व्याख्या:

- 'बुखारेस्ट नाइन' (बी-9) पूर्वी यूरोप में नौ नाटो देशों का एक समूह है। ज्ञात हो कि पूर्वी यूरोप के ये देश शीत युद्ध की समाप्ति के बाद अमेरिका के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन- नाटो का हिस्सा बन गए थे। अत: कथन 2 सही है।
- 'बी-9' या बुखारेस्ट नाइन 4 नवंबर, 2015 को स्थापित किया गया था।
- B9 के सदस्य देशों में रोमानिया, पोलैंड, हंगरी, बुल्गारिया, चेक गणराज्य, स्लोवाकिया तथा एस्टोनिया, लातविया व लिथुआनिया के तीन बाल्टिक गणराज्य शामिल हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।

46. उत्तर: C

व्याख्या:

- कोयना जो कि कृष्णा की सहायक नदी है, पश्चिमी महाराष्ट्र में सतारा ज़िले के महाबलेश्वर से निकलती है।
- महाराष्ट्र की अधिकांश अन्य नदियों के विपरीत जो कि पूर्व-पश्चिम दिशा में बहती हैं, कोयना नदी उत्तर-दक्षिण दिशा में बहती है।
- यह महाराष्ट्र राज्य के सतारा ज़िले के 'दक्कन इलाके' में 2,036 वर्ग किमी. के क्षेत्र को कवर करती है।
  - औसत समुद्र तल से 550-1,460 मीटर की ऊँचाई की सीमा के साथ यह आमतौर पर पश्चिमी घाट क्षेत्र में दक्कन पठार की विशेषता वाले एक भौगोलिक संरचना का प्रतिनिधित्व करती है।
- इस पर कोयना नगर में शिवसागर जलाशय का निर्माण करने वाला 'कोयना बाँध' भी मौजूद है।
- कोयना नदी चार सहायक नदियों द्वारा समर्थित है, जिसमें केरा, वांग, मोरना और महिंद आदि शामिल हैं। इन नदियों पर केरा, वांग और मोरना बाँध मौजूद हैं। अत: विकल्प C सही है।

47. उत्तर: D.

- बनिहाल दर्रा पीर पंजाल रेंज के पास एक पहाड़ी दर्रा है जो कश्मीर घाटी को बाहरी हिमालय और मैदानी इलाकों को दक्षिण की ओर से जोड़ता है। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।
- रोहतांग दर्रा कुल्लू घाटी को हिमाचल प्रदेश, भारत की लाहौल और स्पीति घाटियों से जोड़ता है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।
- फोटू ला दर्रा लेह और कारगिल के बीच दो ऊँचे पहाड़ी दर्रों में से एक है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
- ज़ोजिला दर्रा जम्मू और कश्मीर की ज़स्कर रेंज में है। श्रीनगर से लेह का सड़क मार्ग इसी दर्रे से होकर गुजरता है। यह दर्रा सिंधु नदी द्वारा निर्मित है। अत: युग्म 4 सही सुमेलित है। अत: विकल्प D सही है।

48. उत्तर: A

व्याख्या:

- इस प्रकार के समझौते में दो या दो से अधिक भागीदार कुछ उत्पादों के संबंध में प्रवेश का अधिमान्य या तरजीही अधिकार देते हैं। यह टैरिफ लाइन्स की एक सहमत संख्या पर शुल्क को कम करके किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- यहाँ तक कि PTA में भी कुछ उत्पादों के लिये शुल्क को घटाकर शून्य किया जा सकता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- भारत ने अफगानिस्तान के साथ एक PTA पर हस्ताक्षर किये हैं।

49. उत्तर: C

व्याख्या:

सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला :

- मेले का आयोजन सूरजकुंड मेला प्राधिकरण और हरियाणा पर्यटन द्वारा केंद्रीय पर्यटन, कपड़ा, संस्कृति एवं विदेश मंत्रालय के सहयोग से किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- यह मेला वर्ष 1987 में कुशल कारीगरों के पूल को बढ़ावा देने के लिये शुरू किया गया था, जो कि स्वदेशी तकनीक का इस्तेमाल करते थे, लेकिन ये लोग सस्ते मशीन-निर्मित उत्पादों के कारण पीड़ित थे।
  - इस मेले को वर्ष 2013 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मेले रूप में अपग्रेड किया गया था।
- सूरजकुंड मेला भारत के हस्तशिल्प, हथकरघा और सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि एवं विविधता को प्रदर्शित करता है, इसके साथ ही यह विश्व का सबसे बड़ा शिल्प मेला है।
- वर्ष 2022 के लिये 'थीम स्टेट' जम्मू और कश्मीर तथा ‘भागीदार राष्ट्र’ उज़्बेकिस्तान है। अत: कथन 2 सही है।

50. उत्तर: C

व्याख्या:

डिफेंस स्पेस कमांड एजेंसी: ऑस्ट्रेलिया

- हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ने अंतरिक्ष में रूस और चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिये एक नई रक्षा अंतरिक्ष कमान एजेंसी की स्थापना की घोषणा की है। अत: कथन 1 सही है।
- यह सरकार, उद्योग, सहयोगियों और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के अंतरिक्ष-विशिष्ट प्राथमिकताओं को विकसित करने और उनकी वकालत करने में ऑस्ट्रेलिया की मदद करेगा।
- यह एजेंसी अंतरिक्ष क्षेत्र में विशेषज्ञता, रणनीतिक अंतरिक्ष योजना बनाने में सहायता और अंतरिक्ष नीति के परिशोधन के संबंध में किसी भी विकास का हिस्सा बनने में सक्षम होने के लिये कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करेगी। अत: कथन 2 सही है।
- साथ ही ऑस्ट्रेलिया वैज्ञानिक एवं अंतरिक्ष प्राथमिकताओं को भी स्थापित करेगा और एक कुशल अंतरिक्ष संरचना बनाने की दिशा में काम करेगा।
- एजेंसी का संचालन- डिज़ाइन, निर्माण, रखरखाव सहित सभी कार्य ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्रालय के मानकों एवं सीमा के दायरे में होंगे।

नोट :

51. उत्तर: C

व्याख्या:

- टिक्स हानिकारक होते हैं क्योंकि ये रक्त चूसने वाले परजीवी हैं जो दुधारू या डेयरी पशुओं की उत्पादकता में कमी तथा एक प्रमुख आर्थिक बाधा के रूप में डेयरी फार्मिंग के विकास संबंधी चिंता को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - टिक-जनित रोगजनक (Tick-Borne Pathogens- TBP) उत्पादकता की हानि का एक प्रमुख कारण है तथा यह वैश्विक स्तर पर पशुधन कल्याण संबंधी चिंता का विषय है।
  - इस संक्रमण के हानिकारक लक्षणों में पशुओं को भूख न लगना तथा दूध उत्पादन में कमी है जिसके चलते किसानों की आय में कमी आती है।
  - ये परजीवी सिस्टेमिक प्रोटोजोआ इन्फेक्शन (Systemic Protozoan Infection) के वाहक हैं जो डेयरी पशु स्वास्थ्य और उत्पादकता हेतु खतरा हैं।
- वर्तमान में किसान रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भर हैं जो कि महँगे हैं तथा उन्हें परजीवी की प्रकृति के आधार पर बार-बार उपयोग करना पड़ता है।
- नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन (National Innovation Foundation- NIF) द्वारा एक हर्बल फॉर्मूलेशन विकसित किया गया है जो डेयरी पशुओं (Dairy Animals) अर्थात् दूध देने वाले पशुओं के बीच टिक के संक्रमण का मुकाबला करने में प्रभावी पाया गया है। NIF ने नीम (Azadirachta indica) और नगोड़ (Vitex negundo) जैसे सामान्य हर्बल अवयवों से युक्त एक फॉर्मूलेशन विकसित एवं मानकीकृत किया है। अत: कथन 2 सही है।

52. उत्तर: B

व्याख्या:

- 'खुरपका-मुँहपका रोग' (FMD) पशुधन के लिये एक गंभीर एवं अत्यधिक संक्रामक वायरल रोग है, जिसका गंभीर आर्थिक प्रभाव पड़ता है।
  - यह रोग मवेशियों, सूअर, भेड़ और बकरियों आदि को प्रभावित करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- FMD वायरस ('विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन' के अनुसार जोखिम समूह-4) पिकोर्नविरिडे परिवार के एफथोवायरस जीनस से संबंधित है।
- FMD तब फैल सकता है जब वायरस संक्रमित जानवर से संवेदनशील जानवरों के शरीर में प्रवेश करते हैं।
- वायरस से दूषित वाहन, संक्रमित मांस या पशु उत्पादों से युक्त कच्चा या अनुचित रूप से एकत्रित कचरा भी FMD के वायरस को फैला सकता है।
- दुर्लभ मामलों में मनुष्य भी इस रोग के प्रति अतिसंवेदनशील होते हैं। अत: कथन 2 सही है।

53. उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में दुबई एक्सपो, 2020 में विदेशों में रह रहे भारतीयों को प्रशिक्षित करने के लिये कौशल भारत अंतर्राष्ट्रीय परियोजना 'तेजस' (अमीरात में नौकरियों और कौशल के लिये प्रशिक्षण) की शुरुआत की गई।
- परियोजना का उद्देश्य:
  - भारतीयों का कौशल, प्रमाणन और विदेशों में रोज़गार।
  - यूएई में बाज़ार की आवश्यकताओं के अनुसार भारतीय कामगारों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना।
  - प्रारंभिक चरण के दौरान संयुक्त अरब अमीरात में 10,000 भारतीयों का मज़बूत कार्यबल तैयार करना। अत: विकल्प A सही है।

नोट :

54. उत्तर: A

व्याख्या:

- अंटार्कटिक महाद्वीप को केवल वैज्ञानिक अनुसंधान के लिये संरक्षित करने हेतु एक वि-सैन्यीकृत क्षेत्र बनाने के लिये 1 दिसंबर, 1959 को वाशिंगटन में 12 देशों के बीच अंटार्कटिक संधि पर हस्ताक्षर किये गए थे।
- 'अंटार्कटिक संधि' दुनिया में एकमात्र ऐसी संधि है, जो पूरे महाद्वीप को नियंत्रित करती है। अत: कथन 1 सही है।
- यह एक स्थायी आबादी वाले महाद्वीप के लिये नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था की नींव रखती है।
- वर्तमान में इसमें 54 सदस्य हैं। भारत वर्ष 1983 में इस संधि का सदस्य बना। अत: कथन 2 सही नहीं है।

55. उत्तर: C

व्याख्या:

- अनुच्छेद 29:
  - यह अनुच्छेद उपबंध करता है कि भारत के राज्य क्षेत्र या उसके किसी भाग के निवासी नागरिकों के किसी अनुभाग को अपनी विशेष भाषा, लिपि या संस्कृति को बनाए रखने का अधिकार होगा।
  - अनुच्छेद-29 के तहत प्रदान किये गए अधिकार अल्पसंख्यक तथा बहुसंख्यक दोनों को प्राप्त हैं। अत: कथन 1 सही है।
- अनुच्छेद 30:
  - धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यक वर्गों को अपनी रुचि की शिक्षा संस्थानों की स्थापना करने और उनके प्रशासन का अधिकार होगा।
  - अनुच्छेद 30 के तहत संरक्षण केवल अल्पसंख्यकों (धार्मिक या भाषायी) तक ही सीमित है और नागरिकों के किसी भी वर्ग (जैसा कि अनुच्छेद 29 के तहत) तक विस्तारित नहीं किया जा सकता।
- अनुच्छेद 350 B:
  - मूल रूप से भारत के संविधान में भाषायी अल्पसंख्यकों के लिये विशेष अधिकारों के संबंध में कोई प्रावधान नहीं किया गया था। इसे 7वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1956 द्वारा संविधान में अनुच्छेद 350B के रूप में जोड़ा गया।
  - यह भारत के राष्ट्रपति द्वारा भाषायी अल्पसंख्यकों के लिये एक विशेष अधिकारी की नियुक्ति का प्रावधान करता है। अत: कथन 2 सही है।

56. उत्तर: C

व्याख्या:

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA):

- यह संयुक्त राष्ट्र महासभा का एक सहायक अंग है जो इसके यौन तथा प्रजनन स्वास्थ्य एजेंसी के रूप में काम करता है। UNFPA का जनादेश संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (Economic and Social Council- ECOSOC) द्वारा स्थापित किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- इसे वर्ष 1967 में ट्रस्ट फंड के रूप में स्थापित किया गया था और इसका परिचालन वर्ष 1969 में शुरू हुआ।
  - इसे वर्ष 1987 में आधिकारिक तौर पर 'संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष' नाम दिया गया, लेकिन इसका संक्षिप्त नाम UNFPA (जनसंख्या गतिविधियों के लिये संयुक्त राष्ट्र कोष) को भी बरकरार रखा गया।
- UNFPA प्रत्यक्ष रूप से स्वास्थ्य संबंधी सतत् विकास लक्ष्य-3, शिक्षा संबंधी लक्ष्य-4 और लिंग समानता संबंधी लक्ष्य-5 के संबंध में कार्य करता है।
- UNFPA संयुक्त राष्ट्र के बजट द्वारा समर्थित नहीं है, इसके बजाय यह पूरी तरह से दाता सरकारों, अंतर-सरकारी संगठनों, निजी क्षेत्र और आम लोगों के स्वैच्छिक योगदान द्वारा समर्थित है। अत: कथन 2 सही है।
- जारी रिपोट: 'स्टेट ऑफ द वर्ल्ड पॉपुलेशन' रिपोर्ट

57. उत्तर: C

व्याख्या:

- BRICS की चर्चा वर्ष 2001 में Goldman Sachs के अर्थशास्त्री जिम ओ' नील द्वारा ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन की अर्थव्यवस्थाओं के लिये विकास की संभावनाओं पर एक रिपोर्ट में की गई थी। वर्ष 2006 में चार देशों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की सामान्य बहस के अंत में विदेश मंत्रियों की वार्षिक बैठकों के साथ एक नियमित अनौपचारिक राजनयिक समन्वय शुरू किया।
- औपचारिक व्यवस्था: वर्ष 2006 में ब्रिक विदेश मंत्रियों की पहली बैठक के दौरान समूह को औपचारिक रूप दिया गया था।
  - पहला BRIC शिखर सम्मेलन वर्ष 2009 में रूस के येकतेरिनबर्ग में हुआ और इसमें वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में सुधार जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।
  - दिसंबर 2010 में दक्षिण अफ्रीका को BRIC में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया गया और इसे BRICS कहा जाने लगा।
  - मार्च 2011 में दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार चीन के सान्या में तीसरे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लिया।
- महत्त्वपूर्ण पहल: वर्ष 2014 में ब्राज़ील के फोर्टालेजा में छठे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान BRICS नेताओं ने न्यू डेवलपमेंट बैंक (मुख्यालय-शंघाई, चीन) की स्थापना के लिये समझौते पर हस्ताक्षर किये। अत: कथन 1 सही है।
  - ब्रिक्स राष्ट्रों ने वर्ष 2014 में छठे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में फोर्टालेजा घोषणा के दौरान ब्रिक्स आकस्मिक रिज़र्व व्यवस्था (CRA) बनाने पर भी सहमति जताई। अत: कथन 2 सही है।

58. उत्तर: A

व्याख्या:

श्रृंकफ्लेशन:

- श्रृंकफ्लेशन किसी उत्पाद के स्टिकर मूल्य को बनाए रखते हुए उसके आकार को कम करने की पद्धति है।
  - यह छिपी हुई मुद्रास्फीति का एक रूप है।
- लाभांश को चुपके से बढ़ाने या इनपुट लागत में वृद्धि के सापेक्ष लाभ को बनाए रखने के लिये प्रति दी गई मात्रा के अनुसार कीमतों में वृद्धि करना (मुख्य रूप से खाद्य और पेय उद्योग में) कंपनियों द्वारा नियोजित एक रणनीति है।
- व्यवसाय एवं शैक्षणिक अनुसंधान में श्रृंकफ्लेशन को पैकेज डाउनसाइज़िंग (पैकेज के आकार को छोटा करना) के रूप में भी जाना जाता है।
- सामान्य रूप से बहुत कम प्रचलित यह शब्द समष्टि अर्थशास्त्र की उस स्थिति को संदर्भित कर सकता है जहाँ कीमत स्तर में वृद्धि का अनुभव करने के बावजूद अर्थव्यवस्था में संकुचन हो रहा है।
  - मैक्रोइकॉनॉमिक्स/समष्टि अर्थशास्त्र समग्र रूप से एक राष्ट्रीय या क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के व्यवहार का अध्ययन है।
  - यह अर्थव्यवस्था में व्याप्त घटनाओं जैसे- उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं की कुल मात्रा, बेरोज़गारी के स्तर तथा कीमतों के सामान्य व्यवहार को समझने से संबंधित है।
- आजकल श्रृंकफ्लेशन उत्पादकों के बीच लोकप्रिय एक सामान्य अभ्यास है। डाउनसाइज़िंग से गुज़रने वाले उत्पादों की संख्या में प्रत्येक वर्ष वृद्धि होती है।
  - यूरोप और उत्तरी अमेरिका के बाज़ारों में बड़े उत्पादक मुनाफे को कम किये बिना अपने उत्पादों की प्रतिस्पर्द्धी कीमतों को बनाए रखने के लिये इस रणनीति पर भरोसा करते हैं।
- ऐसे समय में श्रृंकफ्लेशन के चलते ग्राहकों में निर्माता के ब्रांड के संबंध में प्राय: निराशा होती है और उपभोक्ता की भावना भी प्रभावित हो सकती है। अत: विकल्प A सही है।

नोट :

59. उत्तर: B

व्याख्या:

डारलोंग समुदाय:

- डारलोंग त्रिपुरा का एक आदिवासी समुदाय है, जिसकी आबादी 11,000 है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- समुदाय में शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों का उच्च प्रसार है तथा समुदाय के सदस्य स्थानीय प्रशासन में वरिष्ठ पदों पर कार्यरत हैं।
    - उदाहरण के लिये कुछ साल पहले आदिवासी संगीतज्ञ और रोज़म (एक आदिवासी वाद्य यंत्र) उस्ताद थंगा डारलोंग को संस्कृति में उनके योगदान हेतु प्रतिष्ठित पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।
- परंपरागत रूप से डारलोंग झूम खेती/स्थानांतरित कृषि को अपनाते हैं। उनके कई पारंपरिक मूल्य, संस्कृति, गीत, नृत्य और शिकार गतिविधियाँ झूम के नाम से प्रचलित झूम खेती के चक्र के इर्द-गिर्द घूमती हैं, डारलोंग इसे 'लोई' कहते हैं।
- वर्तमान में अधिकांश डारलोंग समुदाय के लोगों ने चावल तथा मौसमी सब्जियों की खेती के अलावा कृषि वानिकी एवं बागवानी वृक्षारोपण या बाग विकास को अपनी मुख्य आजीविका के रूप में अपना लिया है।
- कई परिवार रबर की खेती और वृक्षारोपण का कार्य भी करते है। डारलोंग समुदाय स्वयं पर शासन करने तथा इससे संबंधित मामलों के लिये प्रथागत कानून और प्रथाओं का प्रयोग करते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- डारलोंग ग्राम प्रशासन प्रणाली परंपरागत रूप से वंशानुगत ग्राम प्रधानों (जिसे लाल भी कहा जाता है) के अधीन थी, लेकिन अब इसे निर्वाचित ग्राम अध्यक्ष और प्रतिनिधियों के साथ ग्राम परिषद नामक एक लोकतांत्रिक निकाय के रूप में प्रतिस्थापित कर दिया गया है।

60. उत्तर: D

व्याख्या:

- माइक्रोप्लास्टिक्स पाँच मिलीमीटर से कम व्यास वाले प्लास्टिक कण होते हैं जो कि प्राय: गहनों में इस्तेमाल होने वाले मानक मोती की तुलना में भी छोटे होते हैं। ये हमारे समुद्र एवं जलीय जीवन के लिये हानिकारक हो सकते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- माइक्रोप्लास्टिक की दो श्रेणियाँ हैं: प्राथमिक एवं द्वितीयक।
    - प्राथमिक माइक्रोप्लास्टिक: वे छोटे कण जिन्हें व्यावसायिक उपयोग और माइक्रोफाइबर कपड़ों एवं अन्य वस्त्रों में प्रयोग के लिये डिज़ाइन किया जाता है।
    - उदाहरण के लिये व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों, प्लास्टिक छर्रों एवं प्लास्टिक फाइबर में पाए जाने वाले माइक्रोबीड्स।
    - द्वितीयक माइक्रोप्लास्टिक: ये पानी की बोतलों जैसे- बड़े प्लास्टिक के टूटने से बनते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - यह टूटना पर्यावरणीय कारकों, मुख्य रूप से सूर्य के विकिरण एवं समुद्र की लहरों के संपर्क में आने के कारण होता है।

61. उत्तर: B

व्याख्या

- हाल ही में नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) के न्यू होराइज़न्स यान ने प्लूटो के बारे में काफी अनूठी जानकारियाँ भेजी हैं।
    - निष्कर्षों ने राइट मॉन्स नामक एक पहाड़ी विशेषता पर विशेष ध्यान आकर्षित किया है।
- प्लूटो पर राइट मॉन्स (Wright Mons) नाम की एक पहाड़ी पाई गई, जो अपने परिवेश से 4-5 किमी. ऊपर उठी हुई है। यह अपने आधार पर लगभग 150 किमी. की दूरी पर है और इसमें 40-50 किमी. चौड़ा एक केंद्रीय अवसाद (एक छेद) है, जिसका आधार कम-से-कम आसपास के इलाके जितना है।
    - राइट बंधुओं के सम्मान में राइट मॉन्स को अनौपचारिक रूप से न्यू होराइजन्स टीम द्वारा नामित किया गया था।
- वैज्ञानिकों का दावा है कि राइट मॉन्स एक ज्वालामुखी है तथा क्रेटर की कमी से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि यह 1-2 अरब साल से अधिक पुराना नहीं है। अत: विकल्प B सही है।

नोट :

62. उत्तर: D

व्याख्या

- बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) एक क्षेत्रीय संगठन है जिसके 7 सदस्यों में से 5 दक्षिण एशिया से हैं, इनमें बांग्लादेश, भूटान, भारत, नेपाल और श्रीलंका शामिल हैं तथा दो- म्याँमार व थाईलैंड दक्षिण-पूर्व एशिया से हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह उप-क्षेत्रीय संगठन वर्ष 1997 में बैंकॉक घोषणा के माध्यम से अस्तित्व में आया।
- दुनिया की 21.7 फीसदी आबादी और 3.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ बिम्सटेक आर्थिक विकास के एक प्रभावशाली इंजन के रूप में उभरा है।
- बिम्सटेक का सचिवालय ढाका में है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

63. उत्तर: C

व्याख्या

- I-STEM, अनुसंधान और विकास (R&D) सुविधाओं को साझा करने के लिये एक राष्ट्रीय वेब पोर्टल है।
  - पोर्टल शोधकर्त्ताओं को उपकरणों के उपयोग के लिये स्लॉट तक पहुँचने के साथ-साथ परिणामों के विवरण, जैसे- पेटेंट, प्रकाशन और प्रौद्योगिकियों को साझा करने की सुविधा प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही है।
  - जुलाई 2021 में I-STEM परियोजना को वर्ष 2026 तक पाँच साल के लिये विस्तार दिया गया था और इसने अतिरिक्त सुविधाओं के साथ अपने दूसरे चरण में प्रवेश किया।
- इसे जनवरी 2020 में लॉन्च किया गया था और यह 'प्रधानमंत्री विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सलाहकार परिषद' (PM-STIAC) मिशन' के तत्त्वावधान में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय की एक प्रमुख पहल है। अत: कथन 2 सही है।

64. उत्तर: D

व्याख्या

एशियाई विकास बैंक:

- एशियाई विकास बैंक (ADB) एक क्षेत्रीय विकास बैंक है। इसकी स्थापना 19 दिसंबर, 1966 को हुई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- ADB में कुल 68 सदस्य शामिल हैंI भारत ADB का एक संस्थापक सदस्य है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- कुल सदस्यों में से 49 सदस्य देश एशिया-प्रशांत क्षेत्र से हैं, जबकि 19 सदस्य अन्य क्षेत्रों से हैं।
- इसका उद्देश्य एशिया में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।
- 31 दिसंबर, 2019 तक ADB के पाँच सबसे बड़े शेयरधारकों में जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका (प्रत्येक कुल शेयरों के 15.6% के साथ), पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (6.4%), भारत (6.3%) एवं ऑस्ट्रेलिया (5.8%) शामिल हैं।
- ADB का मुख्यालय मनीला, फिलीपींस में है। अत: कथन 3 सही है।

65. उत्तर: C

व्याख्या

- अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी वर्ल्ड एनर्जी ट्रांज़िशन आउटलुक जारी करती है।
- आउटलुक उपलब्ध प्रौद्योगिकियों के आधार पर प्राथमिकता वाले क्षेत्रों और कार्यों को निर्धारित करता है, जिन्हें वर्ष 2030 तक पूर्ण किया जाना चाहिये ताकि मध्य शताब्दी तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त किया जा सके।
- यह अब तक के सभी ऊर्जा उपयोगों में प्रगति की मॉनीटरिंग करता है, जो दर्शाता है कि नवीकरणीय-आधारित संक्रमण की वर्तमान गति और पैमाना अपर्याप्त है।
- यह अंतिम उपयोग क्षेत्रों के डीकार्बोनाइज़ेशन के लिये विशेष रूप से प्रासंगिक दो क्षेत्रों का गहन विश्लेषण प्रदान करता है: विद्युतीकरण और बायोएनेर्जी। अत: विकल्प C सही है।

नोट :